CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

मेरठ, गुरुवार 1 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 212 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी, दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। जम्मू-कश्मीर की सोनमर्ग टनल के पास तेज बर्फबारी हुई। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसम्बर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर बुधवार को 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि सीएटी-3 लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं।

### नए साल पर दिल्ली- एनसीआर में पीएनजी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पाइप के जरिये घरों में आपूर्ति की जाने वाली (पीएनजी) की कीमतों में नए साल पर कटौती की घोषणा की है।

## एक लॉन्चर से बैक-टू-बैक दो प्रलय मिसाइल लॉन्च

# पाक के 10 बड़े शहर निशाने पर

**बालासोर, वार्ता**

**रक्षा अनुसंधान** एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं।

मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे किया गया। 7500 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है। इससे पहले डीआरडीओ ने 28-29 जुलाई को ओडिशा तट पर ही प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए थे। ये परीक्षण सेना और वायुसेना के उपयोग की जांच के तहत किए गए थे। स्वदेशी तकनीक से विकसित इस आधुनिक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल के जल्द हीं भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया जाना है, जिससे देश की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।




### SSLV के उन्नत तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण (एसएस3) के उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक 'स्थैतिक परीक्षण' किया। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) मणें हुआ। एसएसएलवी इसरो का नया रॉकेट है। यह तीन चरणों वाला पूरी तरह ठोस ईंधन से चलने वाला उपग्रह प्रक्षेपण यान है, जो 500 किलोग्राम तक का भार ले जाने में सक्षम है। इसका तीसरा (ऊपरी) चरण रॉकेट को लगभग चार किमी प्रति सेकंड की गति देता है।

# बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे उनका नमाज-ए-जनाजा निकला, तब ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। फेनी, ब्रह्मणबरिया, मयमनसिंह, कुमिल्ला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जिलों से लोग बस, ट्रक और लॉरियों में सवार होकर अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए माणिक मिया एवेन्यू की तरफ बढ़ने लगे। सुबह से ही माणिक मिया एवेन्यू के आसपास लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें गूंज रही थीं और लोग इस सर्द मौसम में नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए एवेन्यू के आसपास जमा हो रहे थे। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नेपाल, पाकिस्तान, भूटान और भारत से कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। भारी भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में आर्म्ड पुलिस बटालियन को तैनात किया गया था।



**बांग्लादेश में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह के साथ।**

# अब चीन का दावा: हमने भारत-पाक संघर्ष रुकवाया

## कहा: हमने कई लड़ाइयों को सुलझाने में मदद की

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन ने भी यह दावा किया है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव को कम कराने में भूमिका निभाई थी। चीन का कहना है कि जब इस साल दोनों देशों के बीच हालात बिगड़ गए थे, तब उसने बीच में आकर तनाव कम करने की कोशिश की। बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारत सरकार ने चीन के इस दावे को खारिज किया है।

# यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का विज्ञापन जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नए साल के आगमन से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके तहत इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य होगा। बिना ओटीआर के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ओटीआर और ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं, भर्ती से जुड़ी विस्तृत विज्ञप्ति, पात्रता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

**2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भती होगी**



CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी से 16 करोड़ का नोटिस

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लिए नोटिस जारी किया गया है। बैंक ने बताया कि उसे 30 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल के राजस्व उपायुक्त से 16,03,30,178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें 8,67,57,468 रुपये के कर, 6,48,96,963 रुपये के ब्याज और 86,75,747 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह मामला ग्राहकों से बैंक खाते में न्यूनतम जमा राशि न रखने के लिए वसूले गए शुल्क पर जीएसटी की राशि सरकार को जमा न कराने से संबंधित है। इससे पहले राजस्व उपायुक्त ने सितम्बर 2025 में इसी मुद्दे पर बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### लव अग्रवाल होंगे नए डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी लव अग्रवाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नए महानिदेशक होंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार 1996 बैच के आंध्र प्रदेश काडर के आईएएस अग्रवाल इस पद पर अजय भादू का स्थान लेंगे। अग्रवाल अभी तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह इससे पहले अगस्त 2016 से अगस्त 2022 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। केंद्र सरकार में अपनी नियुक्ति से पहले श्री अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर कार्य किया था। लव अग्रवाल का जन्म 18 फरवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

# यूपी में ठंड और घने कोहरे का कहर जारी, दृश्यता घटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं ट्रेन और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी के संकेत भी मिल रहे हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 37 जिलों में



■ 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें और पूरी सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में 31 दिसम्बर तक देर रात और तड़के घने कोहरे का असर बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ेगी, जिससे 1 जनवरी से पश्चिमी यूपी और 2 जनवरी से पूर्वी यूपी के बड़े हिस्सों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जनवरी को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही अगले 3-4 दिनों में औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रदेश में कोल्ड-डे जैसी स्थितियों में 1 जनवरी से कमजोरी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के बीच राजधानी लखनऊ की वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़ गई है। कुछ दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के पार पहुंचकर 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले 22 दिसम्बर को भी लखनऊ में खराब एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एक्यूआई मॉनिटरिग के लिए लगे छह स्टेशनों में से गोमती नगर (229), अलीगंज-केंद्रीय विद्यालय (262), लालबाग (209) और तालकटोरा (296) में हवा की गुणवत्ता खराब दर्ज की गई।

# तृणमूल कांग्रेस नेता चुनाव आयोग से मिले

नई दिल्ली, वार्ता

■ पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया जारी

पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की।

चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 10-15 बिंदु उठाए, लेकिन दो-तीन बिदुओं को छोड़कर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वोट चोरी के मुद्दे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वोट चोरी ईवीएम में नहीं हो रही है। यह मतदाता सूची में हो रही है। कांग्रेस, आप जैसी पार्टियां महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में इसे पकड़ नहीं पाईं। अगर वे पकड़ लेतीं, तो इन राज्यों में भाजपा हार जाती। मैं समान विचारधारा वाली पार्टियों से अपील करता हूं कि वे मतदाता सूची में सॉफ्टवेयर के जरिए की जा रही 'चोरी' को पकड़ें। 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' सूची जारी करने पर जोर देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि 2002-03 में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नाम की कोई श्रेणी नहीं थी, ष्तो इस बार यह श्रेणी कैसे शुरू की गई? पहले एसआईआर में 'संदिग्ध सूची' जैसी कोई चीज नहीं थी।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में सामने आई गंभीर गड़बड़ियों को लेकर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता और पात्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि एनर्जी कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ थाना गोमतीनगर में षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पूरे मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बुधवार को राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिग केंद्रों में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले गए। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य था, इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा पास ही नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि अपात्र लोगों को नौकरी दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लिया गया। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को दोषी माना गया है।

## अयोध्या के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे नहीं टिक पाया कोई दुश्मन

# सनातन से ऊपर कोई नहीं, पताका लहराती रहेगी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ श्री राम जन्म भूमि मंदिर की दूसरी वर्षगांठ में शामिल हुए मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 2026 के लिए दी सभी को शुभकामनाएं

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए।

योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। उन्होंने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती।

स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवम्बर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

### योगी व राजनाथ ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।



सेंसेक्स 85220.60
निफ्टी 26129.60



सोना रु. 133099
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 229433
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में साल के अंतिम दिन तेजी एक वर्ष में 6536 अंक उछला सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग, ऑटो और अन्य सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में साल 2025 के अंतिम दिन बुधवार को तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 545.52 अंक (0.64 प्रतिशत) चढ़कर 85,220.60 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूती के साथ 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। पूरे साल के दौरान सेंसेक्स 6,536.07 अंक (8.36 प्रतिशत) चढ़ा। यह 31 दिसम्बर 2024 को 78,139.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सूचकांक एक साल में 2,484.80 अंक (10.51



प्रतिशत) की बढ़त में रहा। मझौली कंपनियों का सूचकांक निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक भी 8.01 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 5.62 प्रतिशत फिसल गया। एनसएई में बुधवार को मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, बैंकिग, ऑटो, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। एनएसई में कुल 3,249 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,220 के शेयर हरे निशान में और 935 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 94 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील का शेयर 2.45 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.14 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 1.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.86, एक्सिस बैंक में 1.82, ट्रेंट में 1.63, पावरग्रिड में 1.63, बीईएल में 1.56, एनटीपीसी में 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.26 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही।

# साल के आखिरी दिन चांदी और सोने की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,500 रुपए गिरकर 1,33,099 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,34,599 रुपए/10 ग्राम पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 2,896 रुपए कम होकर 2,29,433 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,32,329 रुपए किलो थी।

इससे पहले 29 दिसंबर को कारोबार के दौरान सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की 2,43,483 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी। ये दोनों का अब तक का सबसे ज्यादा भाव यानी ऑल टाइम हाई रेट है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम सोने की कीमत में 320 रुपये की कमी दिख रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि चांदी में गिरावट ज्यादा इसलिए रही, क्योंकि हाल के हफ्तों में इसमें जबरदस्त और रिकॉर्ड तेजी देखी गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना सही समझा।

घरेलू बाजार के साथ साथ ग्लोबल मार्केट में भी कीमती धातुओं की कीमतें 31 दिसंबर को थोड़ी कमजोर रहीं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत गिरकर करीब 4,334 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि पिछले हफ्ते यह 4,549.71 डॉलर प्रति औंस के अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। अमेरिका में फरवरी डिलीवरी के लिए गोल्ड फ्यूचर्स भी करीब 1 प्रतिशत टूटकर 4,346.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गए।

# गेहूं मजबूत, चीनी, दालों में नरमी खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी और दालों के भाव टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं आठ रुपये मजबूत होकर 2,860 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मसूर दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में मलेशिया



के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 4,050 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.33 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 60 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 25 रुपये और सायो तेल 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। पाम ऑयल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में सात रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7768.72 रुपये, मसूर काली 8143.79 रुपये, मूंग दाल 10086.13 रुपये, उड़द दाल 10353.79 रुपये, तुअर दाल 10548.44 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2860.05 रुपये और चावल 3851.45 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3308.62 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4297.89 रुपये और गुड़ 4955.96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# गणतंत्र परेड में दिखेगी मूक योद्धाओं की झलक

■ इस बार कर्तव्य पथ पर होगी गणतंत्र दिवस की परेड

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके 'मूक योद्धाओं' यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी।

कर्तव्य पथ पर यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा, जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। सेना के इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट (मंगोलियाई ऊंट), चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के सेना के दस श्वान और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है। इसके बाद जांस्कर पोनी कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। वर्ष 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) लंबी टांगों वाले बाज सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है, जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित रहते हैं। परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे, जिन्हें प्यार से 'मूक योद्धा' कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर मध्यस्थता के चीन के दावे पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर श्री मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। रमेश ने कहा कि ट्रम्प



■ ड्रैगन के ये दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं

लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उन्होंने 10 मई को ऑपरेशन सिन्दूर रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। वह यह दावा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर 65 बार कर चुके हैं। मोदी ने इन दावों पर कभी भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी और अब चीन के विदेश मंत्री भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं कि उसकी मध्यस्थता के कारण यह संघर्ष रोका गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक बनाते प्रतीत होते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है, लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है। प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट ने भारत की बातचीत की स्थिति को काफी कमजोर किया है। हमारा व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और हमारे निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से होने वाले आयात पर निर्भर है। अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन की उकसाने वाली हरकतें लगातार जारी हैं। ऐसे एकतरफा और शत्रुतापूर्ण संबंधों के बीच भारत की जनता को यह स्पष्टता चाहिए कि ऑपरेशन सिदूर को अचानक रोकने में चीन ने क्या भूमिका निभाई।

### मप्र में सरकार की लापरवाही से लोग पी रहे हैं दूषित पानी, आठ की मृत्यु कई बीमार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में लोग सरकार की लापरवाही के कारण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिसके कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य कई बीमार हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि मोदी सरकार स्वच्छ पेयजल देने का नारा तो बुलंद करती है, लेकिन मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में दूषित पानी पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में लोग शिकायत करते हुए साफ पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। राज्य सरकार की अनदेखी के कारण लोगों को मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिसके कारण यह दुखद खबर आ रही है। पार्टी ने कहा है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई और कई बीमार हैं।

CMYK

# सिर्फ नाम नहीं, भारत की विचारधारा अटल बिहारी वाजपेयी: दिनेश खटीक

- भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के तहत कार्यक्रम का आयोजन
- भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीर पाल ने भी कार्यक्रम को किया संबोधित


कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री दिनेश खटीक।


कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भीड़।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** हस्तिनापुर विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भाजपा नाम का जो पौधा रोपा था, आज वह विशाल वृक्ष बन चुका है। वाजपेयी जी जैसी शख्सियत सदियों में एक बार जन्म लेती है और अपनी विचारधारा से आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करती है।

राज्यमंत्री दिनेश खटीक बुधवार को मवाना नगर के उत्सव मंडप में आयोजित भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व राज्यमंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनसंघ से जुड़े क्षेत्रीय वयोवृद्ध लोगों को शॉल भेंट व माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। उसके बाद अपने संबोधन में राज्यमंत्री ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जनसंघ जीवन के एक किस्से को बताते हुए कहा कि वह सच्चे स्वयंसेवक थे और विपक्ष में रहते हुए भी सत्तापक्ष के लोग उनका सम्मान करते और संसद में वक्तव्य बड़े ही ध्यान से सुनते थे। उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री से जुड़े कई प्रसंगों का जिक्र अपने संबोधन में किया, जिसमें मुख्य रूप से संसद सत्र के दौरान उन्होंने कहा था कि सरकारें आएंगी, सरकारें जाएंगी, लेकिन राष्ट्र रहना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीर पाल ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला और एसआईआर की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता सुभाष दीक्षित ने की व संचालन सौरभ शर्मा ने किया। मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुधा चौहान, चेयरमैन नगर पालिका अखिल कौशिक, संदीप प्रधान, योगेश प्रमुख, ब्लॉक प्रमुख नितिन पोसवाल, संजय शर्मा, विनोद भाटी, राजेंद्र चौहान, सुनील पोसवाल, रजनीश करीमपुर, भोला गुर्जर, प्रवीण जैन, मुकेश गुप्ता, भूपेंद्र त्यागी, आदित्य गोयल, विमल चाहल आदि मौजूद रहे।



साकेत स्थित अमेरिकन किड्स में अलग ही अंदाज में नववर्ष 2026 का स्वागत करतीं किंडर गार्टन की टीचर्स।
छाया: आसिफ खान





































## कार्यालय नगर पंचायत शाहजहांपुर, जनपद मेरठ।

पत्रांक : मीमो/न.पं.शा./2025-26 | **जनता से अपील** | दिनांक : 31.12.2025

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कस्बा शाहजहांपुर के समस्त नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से नववर्ष 2026 के अवसर पर नगर पंचायत निम्न अपील करती है :-**

1. दैनिक प्रयोग से पॉलीथीन को दूर हटाएं। पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं।
2. सामान खरीदते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जाएं।
3. स्वयं पॉलीथीन का प्रयोग न करके अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें कि पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
4. सड़कों पर कूड़ा व गंदगी न डालें।
5. नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
6. नगर को साफ सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
7. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
8. गीले-सूखे व हजार्डस कूड़े के लिए अलग-अलग ( हरे, नीले व लाल रंग के ) डस्टबीन का प्रयोग करें।
9. हरे रंग का डस्टबीन गीले कूड़े के लिए, नीले रंग का डस्टबीन सूखे कूड़े के लिए तथा हजार्डस कूड़ा लाल रंग के लिए।
10. पेयजल को व्यर्थ न बहाएं।
11. अपने समस्त करों का भुगतान समय से करें।
12. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के अन्तर्गत नगर पंचायत कार्यालय में कराएं।

(सचिन पंवार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शाजहांपुर (मेरठ)

HAPPY NEW YEAR 2026

(वसीउर्रहमान खान)
अध्यक्ष
नगर पंचायत शाहजहांपुर (मेरठ)

## कार्यालय नगर पंचायत फलावदा, जनपद मेरठ।

पत्रांक : मीमो/न.पं.फ./2025-26 | **जनता से अपील** | दिनांक : 31.12.2025

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कस्बा फलावदा के समस्त नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से नववर्ष 2026 के अवसर पर नगर पंचायत निम्न अपील करती है :-**

1. दैनिक प्रयोग से पॉलीथीन को दूर हटाएं। पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं।
2. सामान खरीदते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जाएं।
3. स्वयं पॉलीथीन का प्रयोग न करके अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें कि पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
4. सड़कों पर कूड़ा व गंदगी न डालें।
5. नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
6. नगर को साफ सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
7. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
8. गीले-सूखे व हजार्डस कूड़े के लिए अलग-अलग ( हरे, नीले व लाल रंग के ) डस्टबीन का प्रयोग करें।
9. हरे रंग का डस्टबीन गीले कूड़े के लिए, नीले रंग का डस्टबीन सूखे कूड़े के लिए तथा हजार्डस कूड़ा लाल रंग के लिए।
10. पेयजल को व्यर्थ न बहाएं।
11. अपने समस्त करों का भुगतान समय से करें।
12. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के अन्तर्गत नगर पंचायत कार्यालय में कराएं।

(सचिन पंवार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत फलावदा (मेरठ)

HAPPY NEW YEAR 2026

(अशोक सैनी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत फलावदा (मेरठ)

# भामोरी गांव में किसान ने की आत्महत्या पारिवारिक तनाव से चल रहा था परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के गांव भामोरी में एक किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गांव निवासी 48 वर्षीय किसान बुद्ध प्रकाश ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दोपहर के समय उसका शव गांव के ही एक किसान के खेत में स्थित पेड़ से लटका हुआ मिला।

परिजनों के अनुसार बुद्ध प्रकाश पिछले कई दिनों से घर में चल रहे पारिवारिक विवाद और तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान था। रविवार सुबह वह जंगल जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। बाद में आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने पेड़ से लटके शव को देखा और तत्काल परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर थाना सरधना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस मामले में किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# किठौर में नववर्ष को लेकर पुलिस रही अलर्ट, थाना परिसर में हुई बैठक



किठौर थाने में पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश देते एसएचओ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने नववर्ष के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने थाना परिसर में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य नए साल के जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था, शांति व्यवस्था और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना था। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टंटबाजी, तेज रफ्तार से वाहन चलाने, नशे में ड्राइविंग करने और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने और प्रमुख चौराहों व संवे. दनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस कर्मियों को रिफ्लेक्टिव जैकेट, बॉडी कैमरा और रात्रिकालीन यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक सांकेतिक सामग्री वितरित की गई। थाना प्रभारी ने सभी कर्मियों से ड्यूटी के दौरान सजग रहने और आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया।

# भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद की टीम ने दिल्ली में मारे छापे

■ भारी मात्रा में सामान जब्त कानूनी कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश में उपभोक्ताओं को मानक के अनुरूप और सही सामग्री चीज उपलब्ध कराने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो समय-समय पर अलग-अलग जगह पर छापेमारी का बयान चलाता रहता है। इसी के तहत मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद ब्रांच की टीम ने दिल्ली के पूर्वी इलाके शकरपुर में छापेमारी की इस दौरान गाजियाबाद की टीम ने एक फर्म कृषा डील्स प्राइवेट लिमिटेड में जब्ती और तलाशी अभियान चलाया इस अभियान में गाजियाबाद टीम को मौके पर गैर पेपर खिलौने के भंडार मिले जहा से उसे बेचा जा रहा था। खिलौनों पर बीआईएस मार्क नही था। टीम ने बताया कि खिलौनों को BIS अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार खिलौने गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, 2020 के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य प्रमाणन के तहत लाया गया है। BIS अधिनियम, 2016 में निषेधात्मक प्रावधानों के तहत कोई भी व्यक्ति धारा 16 की उप-धारा (1) के तहत बिना स्टैंडर्ड मार्क के, वैध लाइसेंस के अलावा, किसी भी ऐसे सामान, वस्तु, प्रक्रिया, प्रणाली या सेवा का निर्माण, आयात, वितरण, बिक्री, किराए पर देना, पट्टे पर देना, भंडारण या बिक्री के लिए प्रदर्शित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा 29 के तहत उल्लंघन के लिए दंड भी निर्धारित किए गए हैं। इस दौरान छापेमारी टीम ने बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क के बिना सामान जब्त कर लिया और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। आपको बता दें कि छापेमारी कि खबर ने ऐसे लोगों में हड़कंप मचा दिया है जो लोग फर्जी मार का लगाकर या फिर बिना मरका के ही सामान बेच रहे हैं वहीं गाजियाबाद मानक ब्यूरो की टीम का कहना है कि वह अलग-अलग जगह पर छापेमारी करते हैं अगर कहीं भी कोई अनियमिता पाई जाती है तो उनके खिलाफ विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां के सेवानिवृत्ति होने पर सभी समाजसेवियो एवं कर्मचारियों ने बड़े हर्षोल्लास एवं भावभीनी के साथ विदाई दी। सभी समाजसेवियों ने उनके गले में माला डालकर स्वागत किया। बताते चले की आदर्श नगर पंचायत में तैनात वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां का 37 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत हो गये।

वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां 1 जुलाई 1989 में तैनात हुए जबकि 31 दिसंबर 2025 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया। जिसमें नगर पंचायत के चेयरमैन सचिन सुकड़ी एवं अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह के द्वारा एक विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें नगर के सम्मानित समाजसेवी पूर्व चेयरमैन एवं सभासद पूर्व सभासद सभी पार्टियों के गणमान्य नेतागण उपस्थित होकर उन्हें बड़े हर्षोल्लास एवं भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर चेयरमैन सचिन सुकड़ी, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, समाजसेवी सुमित चहल सभासदगण एवं पूर्व सभासदों ने कहा कि वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां ने अपने कार्यकाल में हमेशा ईमानदारी एवं सभी के मान-सम्मान को रखते हुए कार्य किया है। उन्होंने समय-समय पर कस्बे में आने वाली समस्याओं को दूर करने का कार्य किया है। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा पत्रों का निस्तारण एवं कस्बे की विकास करने में मदद की है। अब वह सेवानिवृत्ति हो गये हैं। उनकी कमी महसूस होगी। उसके बाद वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां को बग्गी पर बैठाकर धार्मिक गीतों से नगर में विभिन्न मोहल्ले में जाते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ विदाई दी। जब वह अपने घर पर गये तो गर्म जोशी के साथ एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विदाई समारोह में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, सुमित चहल, संदीप चौधरी, जयवीर अहलावत, साजिद सलमानी, इरफान पठान, सभासद राजू राठी, अरुण जाटव, खलील सलमानी, पूर्व सभासद अतुल कुमार, पूर्व सभासद जुन्नुरैन, मोहित सिंधु, जहीरूद्दीन अब्बासी, अरशद अल्वी, विकास मास्टर, डॉ. अतुल कुमार, राजेंद्र शर्मा, इकबाल सैफी, विष्णु कुमार, मोनू जाटव, मनीष अहलावत, महेश अजराडिया, मुन्नालाल यादव, जैगम एडवोकेट, तारीख फरीदी, चीनू जाटव, ललित जाटव, शकील सलमानी, संदीप प्रजापति, शाहनवाज सलमानी, सभासद वीरेंद्र नागर, दिलावर सिंह प्रजापति, नवाब, नाजर कस्सार, रही. सुद्दीन अब्बासी, विकास लांबा, सफाई नायक संजय वाल्मीकि आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।



वरिष्ठ लिपिक कामिल के सेवानिवृत्त के बाद स्वागत करते लोग।

# मेरठ में ई-रिक्शा के बढ़ते जाम से जनता परेशान, पूर्व मंत्री ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र



पूर्व मंत्री शकील भारती।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में ई रिक्शा के बढ़ते जंजाल से परेशान मेरठ की जनता अब बेहद दिक्कतों का सामना कर रही है। हर छोटे बड़े काम से सड़क पर निकलना अब दूभर हो गया है। हर तरफ का जाम दस मिनट के काम को घंटो में बदल रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे सड़कों पर पहले इस ई रिक्शा के जंजाल ने वक्त को ही जकड़ लिया है। ई रिक्शा और मिनी मेट्रो से परेशान होकर समाजवादी पार्टी के पूर्व दर्जा राज्यमंत्री शकील भारती ने प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को पत्र लिखकर मिनी मेट्रो के जंजाल से छुटकारा दिलाने की गुहार लगाई है। शकील भारती का कहना है कि महानगर मेरठ में मिनी मेट्रो ई-रिक्शा अत्यधिक होने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्कूल जाने वाले बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं व बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक ले जाने में एंबुलेंस जाम में खड़ी रहती हैं जिस कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूरे दिन शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है शहर के प्रत्येक रूट पर अवैध मिनी मेट्रो ई-रिक्शा चल रहे हैं जिनका आरटीओ कार्यालय में भी रजिस्ट्रेशन नहीं है कई बार संभागीय परिवहन अधिकारी मेरठ से भी मौखिक व लिखित शिकायत की लेकिन इसके संबंध में न ही उन्हे पत्र द्वारा अवगत कराया गया कि और न ही उनके पत्र पर कोई संज्ञान लिया गया और न ही जाम के संबंध में कोई ठोस रणनीति बनाई गई। जिसको देखते हुए उन्होंने इस बड़े मुद्दे की शिकायत प्रमुख सचिव गृह से की है उम्मीद जताई जा रही है कि अब इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया जा सकता है।

# कुराली गांव में गरीब महिला के घर में लगी आग, सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव कुराली में महबूब का कुछ दिन पहले ही देहांत हो गया था। कुराली गांव में महबूब की पत्नी अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। बुधवार सुबह चाय बनाते समय गैस का पाइप फट गया और घर में भयंकर आग लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं महबूब की पत्नी परवीन का कहना है कि वह किसी तरह अपने परिवार का पेट पाल रही है और अब यह नुकसान हो गया। वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भी काफी संवेदना है और लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस बेवा की मदद करनी चाहिये।

## दौराला में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

# कंबल वितरण में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौराला स्थित सुमित्र फार्म हाउस में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता ठा. संगीत सोम रहे। सम्मेलन के दौरान जनसेवा के उद्देश्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे आयोजन स्थल पूरी तरह भरा नजर आया। कंबल वितरण के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की बड़ी सहभागिता ने सम्मेलन को सफल और प्रभावशाली बना दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता ठा. संगीत सोम ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और गरीब कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल जी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।






# नववर्ष पर होटल व रेस्टोरेंट पर रहेगी जानी पुलिस की पैनी नजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** नव वर्ष को लेकर जानी थाना पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है हर होटल रेस्टोरेंट ढाबा संचालक व खासतौर से शराब की दुकान जैसे प्रतिष्ठान पर जानी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखेगी और नव वर्ष की तैयारी के लिए हर चौराहे पर पुलिस पिकेट खड़ी मिलेगी।

बुधवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र और एसएसआई कपिल देव ने बाईपास स्थित गॉडविन और मार्स रिसोर्ट पर पहुंचे और उन्हें चेतावनी दी की कोई भी शराब पार्टी और हुड़दंग किया गया तो सब पर कार्यवाही होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने होटल मालिकों को निर्देश दिए की नव वर्ष का त्यौहार शांति से मनाये और कोई भी संदिग्ध व्यक्ति होटल पर किसी भी गतिविधि में पाया जाए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। थानाध्यक्ष ने कहा कि जानी पुलिस पूरी तरह से हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वहीं क्षेत्रधिकारी सरधना व थाना प्रभारी के द्वारा होटल गोडविन तथा होटल मार्क्स को चेक किया गया।

# आरक्षण की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने कलक्ट्रेट में फिर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अनुसूचित जाति आरक्षण को लेकर वाल्मीकि समाज ने बुधवार को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम फिर ज्ञापन सौंपा है। गौतम रामचंद्र वाल्मीकि महर्षि वाल्मीकि सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति आरक्षण में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश की वंचित जातियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए राज्य सरकार वंचित जातियों की सूची बनाकर वाल्मीकि जाति को पृथक आरक्षण की व्यवस्था करें। कहा कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है जिससे वाल्मीकि समाज में गहरा रोष है उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने की मांग की है। इस दौरान टीसी मनौठिया, सुभाष गोस्वामी, शिव कुमार नाज, राजकुमार, सतीश कुमार, बिजेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय जाट महासभा मनाएगी वीर गोकुला का बलिदान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कृष्णा ग्रीन होटल सौन्ख् रोड़ पर किया गया। राजेश चौधरी ने वीर गोकुला का 356 वाँ बलिदान दिवस अखिल भारतीय जाट महासभा आगरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मनाने हेतु सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया। वीर गोकुला के द्वारा मात्र चंद किसानों को एकत्रित कर, कृषि यंत्रों को हथियार बनाकर आरेंगजेब से तीनों दिनों तक भयंकर युध्द किया। औरंगजेब स्वयम् हथियारों से सुसजित सेना के साथ युध्द में उपस्थित रहा था।

प्रदेश सचिव अखिल भारतीय जाट महासभा यूपी शिवराज सिंह हिंडोल ने वीर गोकुला की प्रतिमा मथुरा में स्थापित करने के लिए शासन से मांग की। चौधरी रामवीर सिंह उपाध्यक्ष ने बताया कि वीर गो. कुला को हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं। जब उन्हें बंदी बना लिया तो औरंगजेब ने मुस्लिम धर्म अपनाने पर धन संपत्ति के साथ मुक्त करने का लालच दिया जिसे वीर ने ठुकरा दिया। सुभाष चौधरी उपाध्यक्ष ने बताया की हिंदुयों को भयभीत करने के लिए वीर गोकुला के सार्वजनिक रूप से अंग काटे गये।

उनके शरीर से खून का फब्बरा फूटा था, उस जगह का नाम आगरा में फब्बरा पड़ गया। सतवीर चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्ष राया, देशव. ीर सिंह, दिगंबर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। और सभी समाज से अपील की गई कि दिनाँक 1 जनवरी को वीर गोकुला की प्रतिमा, आगरा किले के सामने आयोजित बलिदान दिवस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

# मैनेजिंग डायरेक्टर ने केवी सब स्टेशन काजीपुर बिजली घर एवं बिजली घर यार्ड का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रथम चरण की समाप्ति के अवसर पर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई जिसके अन्तर्गत कैश काउंटर देर रात तक खुले रखे गए ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता अपना बिजली बिल जमा कर सके। देर रात तक जारी इस व्यवस्था के दौरान उपभोक्ताओं ने कैश काउंटर पर पहुंचकर अपने बिजली के बिल जगा किए, विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने में असुविधा न हो तथा अधिकतम छूट पाने के लिए प्रथम चरण के अन्तिम दिन बिल जमा करने का अधिकतम अवसर उपभोक्ताओं को उपलब्ध रहे।

इस दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर रवीश गुप्ता 33/11 केवी सबस्टेशन यूनिवर्सिटी रोड मेरठ पहुंचे और वहां प्रथम चरण सम्पन्न होने के दिन, उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा कराने की सुविधा तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होनें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया की उपभोक्ता सेवाओं को अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाया जाए तथा संचालन में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरती जाए। बिजली घर पर प्रबन्ध निदेशक ने योजना से जुड़ी व्यवस्थाओं, पंजीकरण व्यवस्था तथा समाधान की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया गया की कैम्प में आने वाले लाभार्थी का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने बिजली बिल राहत योजना के प्रति पात्र उपभोक्ताओं को जागरूक करनें एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने हेतु व्यापक जनसंपर्क करने के निर्देश दिए। बिजली घर एवं बिजली घर यार्ड का निरीक्षण करने पर मेनेजिंग डायरेक्टर ने, बिजली घर उपकरण, आइसोलेटर, वीसीबी, सीटीपीटी, प्रोटेक्शन यूनिट आदि उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिजली घर संचालन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने कहा की डिस्कांम के हर बिजली घर को आर्दश बिजली घर बनाया जाए ताकि उपभोक्ताओं को निर्वाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध सुनिश्चित हो सके और उपभोक्ता सेवा को निरन्तर सुदृढ किया जा सके। निरीक्षण में मेनेजिंग डायरेक्टर ने बिजली घर एवं बिजली घर यार्ड में स्वच्छता, विद्युत व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबन्धन का गहन निरीक्षण किया।



निरीक्षण में प्रबन्ध निदेशक ने ट्रांसफार्मर, सेफ्टी प्रोटेक्शन यूनिट, अर्थिग, फायर एक्सटिंगुइशर, की रिफलिंग की जांच की उन्होंने बिजली घर पर स्थित लॉग शीट आदि दस्तावेजों की जांच की। अधिशासी अभियन्ता प्रशान्त सोनी ने कैपेसीटर बैंक के उपयोग के बारे में, जानकारी दी उन्होनें बताया पावर फेक्टर को सुधारने, वोल्टेज को स्थिर करने और सिस्टम की दक्षता को बढ़ाने के लिए, कैपेसीटर बैंक को बिजली घर पर स्थापित किया गया है। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की हर बिजली घर पर कैपेसीटर को क्रियाशील रखा जाए, जिससे विद्युत वितरण प्रणाली को और अधिक कुशल बनाया जा सके। बिजली घर का निरीक्षण करने के उपरान्त प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत कर्मियों को दिए जाने वाले सेफ्टी उपकरणों जैसे अर्थ चौन, सेफ्टी वैल्ट, कप्लिग टूल, हैक्सा, कटर, डिस्चार्ज रॉड, टैस्टर आदि उपकरणों की जांच की और निर्देश दिए की विद्युत कर्मियों द्वारा सेफ्टी उपकरणों का उपयोग आवश्यक रूप से किया जाए। उन्होंने कहा की लाईन पर कार्य करते समय विद्युत कर्मियों को मानक के अनुसार सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। विद्युत कर्मियों की सुरक्षा में कोताही न बरती जाए। यूनिवर्सिटी रोड मेरठ बिजली घर का निरीक्षण करने के उपरान्त 33/11 केवी बिजली घर काजीपुर मेरठ का औचक निरीक्षण किया और तकनीकी मानकों और स्वच्छता का जायजा लिया। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की ट्रांसफार्मर के रख-रखाव और मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। मैनेजिंग डायरेक्टर ने बिजली बिल राहत योजना की समीक्षा की और पंजीकरण आदि का फीड बैंक लिया। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की प्रथम चरण के अन्तिम दिन यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र उपभोक्ता पंजीकरण से वंचित न रहे। उन्होनें मौके पर उपस्थित अवर अभियन्ता से अब तक हुए बिल जमा और पंजीकरण के आकड़ों की जानकारी प्राप्त की। प्रथम चरण के लिए प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए की प्रथम चरण के अन्तिम दिन को देखते हुए, जब तक अन्तिम उपभोक्ता बिल जमा न करा दे तब तक पंजीकरण की प्रकिया सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा की डिरकांम का लक्ष्य है कि योजना के लाभ से कोई उपभोक्ता वंचित न रहे।

# पीड़ित परिवार ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

## धरना प्रदर्शन के दौरान पीड़ित परिजनों ने लगाए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोठरा गांव में एक सप्ताह पूर्व हुई इशिका की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सचिन और उसके जेठ नवीन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

पीड़ित परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने की सूचना मिलने पर अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय मौके पर पहुंचे और परिजनों को निष्पक्ष जांच तथा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अपना धरना समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पहले गोठरा गांव में इशिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर इशिका की हत्या कर दी गई। बताया गया कि इशिका मूल रूप से नोएडा की रहने वाली थी और उसकी शादी करीब दो वर्ष पहले बागपत निवासी सचिन से हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण में आरोपी पति सचिन और उसके भाई नवीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, सास, ननद समेत अन्य नामजद आरोपी फिलहाल फरार हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी तलाश की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आवारा गौवंश ने घर में घुसकर मचाया कूफर, बुलानी पडी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मविकला गांव में एक आवारा गौवंश अचानक एक घर में घुस गया जिससे वहां अफपरा-तफरी मच गई। घर में घुसते ही गौवंश ने घर के अन्दर रखा सामान सारा तहस नहस दिया। इस दौरान परिजन घबराकर अपनी जान बचाने के लिए घर की छत पर चढ गए।

परिवार पर जब गौवंश को काबू नही किया गया तो अनको पुलिस बुलानी पडी। इस दौरान पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के इलाकों में आवारा गोवंश सड़कों पर खुलेआम घूमते रहते हैं, जिसमें आवारा गौवंश आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देते रहते है। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कई घंटो की मशक्कत के बाद गोवंश को घर से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। पुलिस की तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा गोवंश की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब यह गंभीर रूप लेती जा रही है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि घर में हुए नुकसान से परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की मांग की है।



## नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक किशोरी को अपने साथ ले गया था। उसने चार दिनों तक किशोरी को अपने पास रखा और इस दौरान दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पांचवें दिन पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने नाबालिग किशोरी से निकाह किया था। हालांकि, पुलिस इस दावे की गहनता से जांच कर रही है। पीड़ित परिवार ने दोषी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दोघट थाना प्रभारी सूर्य दीप ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपी शोएब को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी और धाराओं में वृद्धि भी की जा सकती है।



## जरूरतमंदों को किया गया गर्म कपड़ों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी नव वर्ष 2026 के उपलक्ष में गरीबों को नए कपड़ों का वितरण किया गया। भारी संख्या में गरीब लोगों ने सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े लिए गरीबों की मदद करना नेकी का काम माना जाता है। कपड़े लेने के लिए भीड़ उमड़ी दिनभर तांता लग रहा।

विमर्श जागृति मंच द्वारा पत्थर वाली मंडी के बाहर नेकी की दुकान लगाकर गरीब,जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज की प्रेरणा से 2014 में विमर्श जागृति मंच की बड़ौत शाखा का गठन किया गया था, तभी से प्रत्येक वर्ष सर्दियों में नेकी की दुकान के माध्यम से गरीबों को कपड़े, जूते, कंबल आदि बांटे जाते है। सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ नेकी की दुकान पर रही। समाज के वरिष्ठजनों द्वारा नेकी के इस कार्य की सराहना की गई। इसमें विमर्श जागृति मंच के अध्यक्ष विवेक जैन, मनोज जैन, अमित जैन, अमन जैन, वरदान जैन, अनुज जैन, संजय जैन, अमित विक्की, ऋषभ जैन, संकल्प जैन आदि का सहयोग रहा।



एक नजर

## जिलाधिकारी ने की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 की तिथियों में संशोधित किया गया है, जिसमें मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को होगा तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि आलेख्य प्रकाशन के उपरांत मतदाता सूची का पूर्ण मिलान करले। किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधा (मुझसे) जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी या अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा से संपर्क करे। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया कि उनके द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए आम-जनमानस से गणना प्रपत्र भरवाकर कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 1573575 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया गया है, जो 80.81 प्रतिशत है। जनपद के 166649 मतदाताओं का मैपिंग नहीं हुआ है, जिसका प्रतिशत 8.56 है। उन्होंने बताया को जनपद में 55893 मृत, 113674 अनट्रेसबल, 177763 परमानेंट शिफ्टेड, 23823 ऑलरेडी एंट्रोल्ड तथा 2640 अन्य की श्रेणी में है, इसका कुल प्रतिशत 19.19 है। बैठक में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल, राजनैतिक दलों में भारतीय जनता पार्टी से आकाश चौधरी, कांग्रेस से आदित्य तिवारी, बहुजन समाज पार्टी से मुनेन्द्र सिंह निगम व प्रेमप्रकाश तथा समाजवादी पार्टी से वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने किया लोकबन्धु राजनारायण का भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में प्रसिद्ध समाजवादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी राजनारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी राहुल यादव ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सपा संगठन पदाधिकारी व नेताओं द्वारा समाजवादी नेता राजनारायण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि राजनारायण एक स्वतंत्रता सेनानी और महान समाजवादी नेता थे उनकी देश में समाजवादी आंदोलन में अहम भूमिका है, एक जमीदार परिवार से संबंधित होने व पैतृक संपत्ति के रूप में बड़ी भूमि के जमींदार होने के बावजूद उन्होंने समाजवाद को अपनाया और अपनी पैत्रक जमीन व सम्पत्ति को गरीबों में बांट दिया। स्वतंत्रता आंदोलन के द्वारा दौरान 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन प्रतिभाग करने के कारण जेल काटी और देश के स्वतंत्रता आंदोलन में आहति दी। साथ ही साथ आजाद भारत में समाजवादी आंदोलन को ताकत देने में बड़ा योगदान किया। जनता पार्टी की सरकार में केन्द्रीय मंत्री होने पर उन्होंने नई स्वास्थ्य नीति देशभर में लागू की। इस अवसर पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, शाहरुख, दीपक गुर्जर, राहुल यादव, सतीश गौड, अनुज यादव, प्रवेज मलिक, राजवीर सिंह, राशिद सिद्दीकी, इरशाद मालिक आदि मौजूद रहे।




## भारतीय कांग्रेस पार्टी रही देश की ऐतिहासिक पार्टी

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बडौत।** नगर की घास मंडी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 1925 वा शताब्दी समारोह मनाया गया। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में पहुंचे किसान कांग्रेस नेता उम्मीद तोमर ने कहा कि भारतीय कांग्रेस पार्टी देश की ऐतिहासिक पार्टी रही है। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर कार्य कर रहा है। कामरेड राजेंद्र जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी लोगों से जुड़कर साथ चलने का आहवान किया। कामरेड कार्यक्रम का संचालन हेमचंद जैन ने किया। रामनिवास जैन ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसानों के साथ भी जुड़कर चल रही है। इस मौके पर अशोक कुमार सहदेव सिंह मोहम्मद हसन गिरिराज सिंह सलीम अहमद फारूक अहमद के अलावा काफी संख्या में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## सीसीटीवी की लाइट जलते ही उल्टे पांव भागा संदिग्ध युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में रात्रि एक अज्ञात युवक चोरी के इरादे से गली में घुम रहा था। ग्रामीणों ने सीसीटीवी कैमरे की लाइट जलायी तो वह भाग खड़ा हुआ जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

भागौट गांव में मंगलवार देर रात एक संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जैसे ही कैमरे की लाइट जली, युवक उल्टे पांव दौड़ पड़ा। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। गांव के अक्षय उर्फ अक्की नंबरदार ने बताया कि एक युवक उनकी गली में संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ सीसीटीवी में दिखाई दिया। जैसे ही सीसीटीवी की लाइट जली, युवक तेजी से मौके से फरार हो गया। उन्होंने युवक का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। ग्रामीणों का कहना है कि युवक किसी चोरी की तलाश में था। घटना की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। ग्रामीणों ने एक-दूसरे से सतर्क रहने की अपील की है। वहीं, थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



## ट्रेन की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला है। युवक मंगलवार शाम को नौकरी के लिए घर से निकला था। पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।

मृतक की पहचान बावली गांव निवासी अंकुर के रूप में हुई है। खेतों में काम कर रहे किसानों ने सबसे पहले शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि अंकुर मंगलवार शाम को नौकरी की बात कहकर घर से निकला था। बाद में उन्हें रेलवे ट्रैक के पास उसका शव मिलने की जानकारी मिली। अंकुर की शादी कुछ समय पहले ही हुई थी और उसका एक छह माह का बच्चा भी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस प्रत्येक बिंदु पर तहकीकात कर रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद में 119 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे छात्रछात्रएं

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 के सुचारू संचालन हेतु जनपद के 119 कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाने को अपनी स्वीकृति देते हुए अंतिम सूची का प्रकाशन ऑनलाइन कर दिया है। इनमे 11राजकीय, 73 अशासकीय सहायता प्राप्त, 35 वित्त विहीन कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि 140 आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चयन समित ने 124 परीक्षा केन्द्रों की सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद को अपनी संस्तुति भेजी। जिसके आधार पर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के द्वारा 119 कालेजों को इस बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार एसकेडी इंटर कालेज सुपाना कोसीकलां, श्रीमती शिमला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नसीटी मांट, राजकीय हाईस्कूल दधैंटा बलदेव को पहली बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जबकि श्रीकृष्ण इंटर कालेज दलौता छाता, श्रीमती किरनदेवी गर्ल्स इंटर कालेज टैंटीगांव मांट, बहादुर सिंह इंटर कालेज जरैलिया, एसएस रतनी देवी इंटर कालेज सिहोरा महावन, श्री केरन सिंह इंटर कालेज धानातेजा वर्ष 2024-25 में परीक्षा केन्द्र नहीं थे इस बार इन पांचों कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## मंदिर के दानपात्र से हजारों की चोरी, 5 खम्बों से लाइट चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में भूरेसिंह मंदिर के दान पात्र से अज्ञात चोर हजारों की नगदी चोरी कर ले गये। वही पांच खम्बो से भी बिजली की लाइट चोरी कर ले गये ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी है।

ढिकोली गांव में भूरेसिंह मंदिर में रात्रि अज्ञात चोरो ने धावा बोल दानपात्र में रखे 3500 रूपये नगदी चोरी कर ले गये सुबह जब मंदिर के पुजारी स्याम सुंदर दास ने बताया की सुबह जब वह अपने कमरे से पूजा करने के लिए गया तो दानपात्र का ताला टूटा हुआ मिला और उससे 3500 तक की नगदी चोरी हुई मिली। उन्होंने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी सूचना पर ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो पता चला की गांव के पांच खम्बो से भी बिजली की लाइट चोरी हुई है। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस छानबीन में जुटी है।



## नववर्ष को लेकर बागपत पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नववर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। देर रात्रि तक आला अधिकारी सड़कों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी को भी सख्त निर्देश जारी किए गए है। पैदल गस्त कर पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। बाहर से आने वाले वाहनों की भी सानंद तलाशी बॉर्डर जोखयिों पर कराई जा रही है। वहीं रेलवे स्टेशन बस स्टॉप बस स्टैंड भीड़भाड़ वाले स्थान पर मुख्य बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं खुफिया विभाग भी पूरी तरह अलर्ट पर है और होटल संचालकों को भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। नव वर्ष को जिले में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है और संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। भीड़भाड़ वाले स्थान पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मुख्य बाजारों मुख्य चौराहों पर भी सीसीटीवी और अन्य माध्यम से नजर रखी जा रही है। वहीं सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी भीलवाड़ा वाले स्थान पर मौजूद हैं और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसपी सूरज राय खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं और समय-समय पर अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए जा रहे है। वहीं डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वहीं पुलिस अधिकारी आगामी किसी भी तरह के लापरवाही नहीं बढ़ती जा रही है और किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर पुलिस पूरी तरह तैयार है। एसपी सूरज राय का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं अगर किसी यह असामाजिक तत्व द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया गया तो उसे पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## हाईवे पर बरारी कट के पास दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र अंतर्गत बरारी कट के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रामबाबू पुत्र कमल सिंह, निवासी नगला केहखम, अनवारा, टूंडला, जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है। रामबाबू मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामबाबू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी।

# नववर्ष पर कानून व्यवस्था को लेकर डीआईजी सख्त

## समस्त जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिए आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के अवसर पर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से रेंज के समस्त जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग की। इस दौरान रेंज के सभी एसएसपी, एसपी, एएसपी, सीओ, एसएचओ, एसओ, ट्रैफिक इंचार्ज आदि शामिल रहे।



डीआईजी ने नववर्ष के नाम पर होने वाली अवैध पार्टियों, हुड़दंग, शराब के दुरुपयोग, सड़क दुर्घटनाओं एवं आपराधिक घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने के निर्देश देते हुए इंसिडेंट-एक्सीडेंट व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा, नियमविरुद्ध आयोजन अथवा अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी ने सभी थानों को नववर्ष के लिए डयूटी चार्ट तैयार कर पर्याप्त नाइट ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना लाइसेंस किसी भी पार्टी की अनुमति न देने, अवैध आयोजनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी के साथ चौकी स्तर पर किसी भी प्रकार की सांठगांठ रोकने हेतु क्षेत्राधिकारियों को कड़ी निगरानी के आदेश दिए। डीआईजी ने जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर ही कार्यक्रमों की अनुमति देने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग से लाइसेंस धारकों की अद्यतन सूची लेकर अवैध शराब बिक्री व भंडारण पर रोक, सोशल मीडिया की 24×7 निगरानी, अफवाह या भड़काऊ सामग्री पर तत्काल कार्रवाई, यातायात पुलिस को अलग से ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने नववर्ष की रात सघन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर विशेष नजर, बैरिकेटिंग, पैदल गश्त, पीआरवी व क्यूआरटी को पूरी तरह सक्रिय रखने, सड़क पर स्टंटबाजी रोकने और ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, महिला सुरक्षा के मद्देनज़र कार्यक्रम स्थलों व मार्गों पर महिला पुलिस की तैनाती करने, सभी कार्यक्रम स्थलों पर सीसीटीवी पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था व आपातकालीन निकास सुनिश्चित करने, होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, फार्महाउस व मैरिज हॉल की अग्रिम जांच, क्षमता से अधिक भीड़ न जुटने देने पर जोर देने, अग्नि सुरक्षा एवं विद्युत सुरक्षा मानकों की पूर्व जांच, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कंटिन्जेंसी प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए। डीआईजी कलानिधी नैथानी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि नववर्ष के नाम पर कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# बिजली विभाग की टीम पर हमला, तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के काजीवाड़ा मोहल्ले में बिजली बिल राहत योजना के तहत बकाया वसूली के दौरान ऊर्जा निगम की टीम के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में विभाग के अवर अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर रोड स्थित बिजलीघर से जुड़े प्रवर्तन दल की टीम मंगलवार को काजीवाड़ा के किला कोना इलाके में बिजली चोरी से जुड़े एक प्रकरण में वसूली के लिए पहुंची थी। इसी दौरान किला कोना निवासी सिकंदर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर टीम में शामिल संविदा कर्मियों राजीव और सचिन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, जो बाद में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि जब अन्य कर्मचारियों ने स्थिति संभालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने सरकारी कागजात फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। नगर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी सिकंदर और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# नववर्ष को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के आगमन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। जिले भर में पुलिस पूरी तरह सतर्क है और प्रमुख मार्गों, चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग को बर्दाश्त न किया जाए।

इसी क्रम में हाफिजपुर थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सोना पेट्रोल पंप के समीप व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ यह अभियान देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान पुलिस टीम ने आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई, वहीं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी विशेष नजर रखी गई। काली फिल्म लगे वाहनों, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस की इस सख्ती से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही। चेकिंग के साथ-साथ पुलिस ने आमजन को जागरूक करने का भी कार्य किया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने लोगों से अपील की कि नववर्ष का उत्सव शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है और इससे



न केवल स्वयं की बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। ऐसे मामलों में पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि जनपद के नागरिक बिना भय के नववर्ष का स्वागत कर सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह सघन निगरानी और चेकिंग अभियान जारी रहेंगे, ताकि कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में बनी रहे।

# साइबर ठगों ने दो लोगों से की 15 लाख से अधिक की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ताजा मामलों में ऑनलाइन नौकरी का झांसा और बैंक अधिकारी बनकर फोन करने वाले साइबर अपराधियों ने दो अलग-अलग घटनाओं में करीब 15.72 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पहला मामला हापुड़ नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित संजय विहार क्षेत्र का है, जहां रहने वाले चिराग खेड़ा को वॉट्सएप के माध्यम से पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब का ऑफर दिया गया। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम एप से जोड़ा गया, जहां ठगों ने खुद को एक नामी डिजिटल कंपनी का प्रतिनिधि बताकर विश्वास में लिया।

शुरुआत में पीड़ित को गूगल रिव्यू जैसे छोटे-छोटे ऑनलाइन कार्य सौंपे गए, जिनके बदले कुछ रकम उनके खाते में भेजी गई। इससे भरोसा कायम होने पर ठगों ने अधिक लाभ का लालच देते हुए निवेश आधारित टास्क शुरू कराए। पहले कुछ टास्क में मुनाफा मिलने के बाद पीड़ित से बड़े निवेश की मांग की गई। इस झांसे में आकर चिराग ने विभिन्न खातों में करीब छह लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में न तो नौकरी मिली और न ही जमा की गई रकम वापस हुई। दूसरी घटना पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव पीपलाबंदपुर की है। यहां निवासी बिजेंद्र सिंह को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए खाते से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली।

कुछ ही देर में उनके एक्सिस बैंक खाते से 9.72 लाख रुपये निकाल लिए गए। खाते से रकम कटने के संदेश मिलते ही पीड़ित ने तत्काल बैंक को सूचित कर खाता फीज कराया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि दोनों मामलों में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संबंधित बैंक खातों और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस की टीमें ठगों की पहचान, गिरफ्तारी और ठगी की रकम बरामद करने के प्रयासों में जुटी हैं।

# मकान से जेवर नकदी और सामान चोरी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर घर से नकदी और सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित खलीक अहमद का कहना है कि वह परिजनों के साथ रिश्तेदारी में गए हुए थे। 29 दिसंबर को उनके भतीजे जावेद ने फोन कर उन्हें घर में घटना होने के संबंध में सूचना दी। सूचना मिलने पर जब वह परिवार के लेगों के साथ गांव पहुंचे तो पीड़ित ने बताया कि घर में घुसकर चोरों ने 50 हजार रुपये की नकदी समेत सोने-चांदी के गहने व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी महिला ने एक युवक पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उनकी बेटी एक स्कूल में पढ़ती है। उनकी बेटी के साथ आए दिन नगर निवासी एक युवक छेड़छाड़ करता है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व उनकी बेटी बाजार से सामान लेने के लिए गई थी। जहां आरोपी ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। बेटी ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने बेटी को तेजाब डालने की धमकी दी है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सदर विधायक ने जनसंवाद के दौरान सुनीं लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र हापुड़ स्थित अपने आवास कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से आए सैकड़ों नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने सभी की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



जनसंवाद के दौरान बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं और राजस्व से जुड़ी अनेक समस्याएं सामने आईं। विधायक विजय पाल आढ़ती ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनसंवाद के माध्यम से जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोगों ने विधायक द्वारा सीधे समस्याएं सुनने और समाधान के प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### साइबर ठगी करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार, कार व अवैध हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद हापुड़ में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने साइबर ठगी के एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक आई-10 कार, एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी ट्रेडिंग और गेमिंग के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर चुका था।

थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए साइबर अपराध में लिप्त शातिर ठग गुरमीत पुत्र देवेन्द्र, निवासी ग्राम हशुपुर, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गांव अठसैनी की ओर जंगल वाले रास्ते से दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक आई-10 कार, एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगी करता था। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी द्वारा साइबर ठगी के माध्यम से 74,77,244 रुपये विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त किए गए थे। यह रकम उसने अपने और अपने दोस्तों के खातों में ट्रांसफर करवाई, जिसके बाद नकद निकालकर निजी उपयोग में ली गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से साइबर ठगी की गतिविधियों में संलिप्त था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसके बैंक खातों, मोबाइल फोन तथा अन्य डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। साथ ही, ठगी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने आम जनता से अपील की है कि ऑनलाइन ट्रेडिंग, गेमिंग या निवेश के नाम पर किसी भी अनजान व्यक्ति या लिंक पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक हुआ लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी प्रीति ने बताया कि उनके पति रोहित कुमार मंगलवार को घर से बाजार में सामान लेने के लिए गए थे। देर शाम को वह अपने घर नहीं आए तो परिवार के लोगों को उसकी चिंता होने लगी। परिवार के लोगों ने उनको काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के ठंडी सड़क निवासी सुदरं सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व वह अपने घर के बाहर बाइक को खड़ा कर घर के अंदर चला गया था। कुछ देर के बाद जब वह वापस आया तो देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं थी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी जियाउर्रहमान ने बताया कि दो दिन पूर्व वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। तभी पड़ोसी उसको गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने उनको गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने उनके साथ पिटाई कर घायल कर दिया।

# झूठा केस बनवाकर फंसाने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रा नगर निवासी राजकुमार, सुनील कुमार, रजनी समेत दर्जनों लोगों ने कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनके मोहल्ला निवासी एक परिवार के लोग आए दिन मोहल्ला निवासी लोगों के साथ झगड़ा करते है। यदि कोई लोग उनका विरोध करते है उनको झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते है। पीड़ित लोगों ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं है।

# कार सवार लोगों पर मारपीट कर मोबाइल और बैग लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी व्यक्ति ने एक कार चालक पर मारपीट कर बैग ओर मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित उमाशंकर ने बताया कि दो दिन पूर्व वह कार से सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गढ़ पहुंचे तो कार सवार ने उनके साथ पिटाई कर बैग और मोबाइल छीन कर ले गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उपजा हापुड़ जिला अध्यक्ष बने नवीन गौतम, पत्रकार जगत में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के हापुड़ जिला अध्यक्ष पद पर नवीन गौतम की नियुक्ति होते ही जिलेभर के पत्रकारों में उत्साह और हर्ष का माहौल बन गया। जैसे ही उनकी नियुक्ति की सूचना सामने आई, पत्रकार जगत में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया।

उनके जिला अध्यक्ष बनने की खबर मिलते ही जिले के वरिष्ठ पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। पत्रकार साथियों ने मिठाई खिलाकर और फूलमालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि नवीन गौतम की पहचान एक सरल, मिलनसार, निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकार के रूप में रही है। उन्होंने वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अपनी सच्ची कलम, ईमानदार रिपोर्टिंग और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया है। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन गौतम ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। मैं पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। वहीं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने भी नवीन गौतम को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सुशील शर्मा, मोहम्मद हाशिम, नदीम नक़वी, अनुज सिंह, दीपक प्रधान, आदिल सिद्दीकी समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। कुल मिलाकर, नवीन गौतम की नियुक्ति को लेकर हापुड़ के पत्रकार जगत में नई उम्मीद, नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव की शुरुआत मानी जा रही है।



# एएनटीएफ व थाना भमोरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से लगभग साढ़े तीन किलो अवैध अफीम बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई जा रही है।

यह कार्रवाई 31 दिसंबर 2025 को थाना भमोरा क्षेत्र में की गई। पुलिस ने बताया कि इसके अलावा आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन और 3650 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एएनटीएफ यूनिट बरेली द्वारा की गई। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त बताए जा रहे हैं और इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद मादक पदार्थ को अन्य जिलों में सप्लाई किए जाने की तैयारी थी।



पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुसार, हाल के महीनों में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ निगरानी और कार्रवाई तेज की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाना और युवाओं को नशे से दूर रखना है।

# एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने एक गांव से तीन को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने साइबर अपराध से बदनाम गांव धन्तिया में छापामारी कार्यवाही करके तीन लोगों को उठाया है।तीनों को एसओजी टीम उसे अपने साथ ले गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सुबह करीब 10 बजे गांव धन्तिया में छापामारी कार्यवाही करके तीन साइबर अपराधियों को उठाया है।सूत्रों की माने तो किसी के साथ ठगी की गई है।

लोकेशन ट्रेस करने पर साइबर अपराधी धन्तिया के निकले है।जिसके चलते एसओजी टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से तीनों को हिरासत में लिया है।छापामारी कार्यवाही की भनक लगने पर गांव के अन्य साइबर अपराधी फरार हो गए।करीब तीन साल पहले भी एएसपी की अगुवाई में छापामारी कार्यवाही की गई थी।

गांव के शातिर साइबर अपराधी समेत करीब एक दर्जन साइबर अपराधियों को पुलिस ने उठाया था।इस दौरान पुलिस से बचने के लिए एक साइबर का भतीजा दो मंजिल मकान से कूद गया था।जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

उस समय गिरफ्तार किए गए अपराधियों के घर से ढेर सारे बैंक खाता बुक,एटीएम आदि बरामद किए गए थे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0121-4005303, 4007303
मुख्यालय: मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिना अनुमति धार्मिक स्थल निर्माण पर बवाल

## कैसरा गांव में दो समुदाय आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव कैसरा में बिना वैधानिक अनुमति के धार्मिक स्थल निर्माण को लेकर बुधवार को माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। विवाद की सूचना मिलते ही एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया पुलिस व प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचीं और तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवा दिया। हालात को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल व पीएसी तैनात कर दी गई, जबकि एहतियातन पांच थानों की पुलिस भी मौके पर बुलाई गई।

प्रशासन के अनुसार मंदिर निर्माण का मामला पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद एक पक्ष की ओर से वहां निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसकी जानकारी होते ही दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण को रुकवाया। निर्माण रुकने के बाद गांव में तनाव और बढ़ गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी गांव पहुंच गए।



नाराज ग्रामीणों ने मंदिर स्थल के बाहर सड़क पर बैठकर जय श्रीराम के नारे लगाए और प्रदर्शन किया। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी। काफी देर तक चले हंगामे के बाद एसडीएम व सीओ ने प्रदर्शनकारियों और संगठन के नेताओं से बातचीत की। प्रशासन की समझाइश के बाद लोग शांत हुए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि मामला अदालत में लंबित है और बिना वैधानिक अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन पुलिस बल तैनात रहेगा।

### कोर्ट में लम्बित है विवाद

**मंडी धनौरा।** प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक मंदिर निर्माण शुरू किया गया, वह प्रकरण पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में किसी भी पक्ष को बिना अनुमति निर्माण करने का अधिकार नहीं है। अदालत के आदेश के बाद ही आगे की कार्रवाई संभव होगी।

### सड़क पर धरना, नारेबाजी

**मंडी धनौरा।** निर्माण रोके जाने से नाराज ग्रामीणों और संगठन कार्यकर्ताओं ने मंदिर स्थल के बाहर सड़क पर बैठकर धरना दिया। जय श्रीराम के नारों से माहौल गरमा गया, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से स्थिति नियंत्रण में रही।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**मंडी धनौरा।** हंगामे की सूचना पर प्रशासन ने तत्काल कदम उठाते हुए पांच थानों की पुलिस और पीएससी को मौके पर तैनात किया। गांव में लगातार गश्त की जा रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### हिन्दू संगठनों का तर्क

**मंडी धनौरा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत व जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि गांव हिंदू बाहुल्य है और मंदिर न होने से लोगों को 10 किलोमीटर दूर पूजा के लिए जाना पड़ता है। जबकि दूसरे समुदाय के लोगों का धार्मिक स्थल गांव में मौजूद हैउन्होंने कहा कि प्रशासन से वार्ता कर कानूनी प्रक्रिया के तहत मंदिर निर्माण कराया जाएगा।

# मायके में विवाहिता को फोन पर दिया तीन तलाक

## पति समेत आठ ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** विवाद के चलते मायके में रहने वाली विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने पति को फोन कर घटना की जानकारी दी तो उसने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। मामले में पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर से जुड़ा है। मुरादाबाद के मैनाठेर निवासी विवाहिता हुस्नेआरा के मुताबिक पांच साल पहले उसकी शादी गांव के रहने वाले मोअज्जम हुसैन के साथ हुई थी। फिलहाल, मुकदमेबा. जी के चलते हुस्नेआरा मायके में रह रही है। बीती 27 दिसंबर को वह अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए अपनी ससुराल आई थी। उसी दौरान ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान विवाहिता का पति मोअज्जम हुसैन दिल्ली गया हुआ था। लिहा. जा हुस्नेआरा ने फोन कर पति को घटना की जानकारी दी तो उसने फोन पर ही तीन तलाक लेकर रिश्ता तोड़ लिया। मामले में पीड़िता हुस्नेआरा ने डिडौली कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में नासिर हुसैन, रेहाना, मेहनाज, गुलनाज, असादुल, फुरकान, नूर आलम और मोअज्जम हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

## रातभर सड़क पर पड़ा रहा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** अमरोहा से मजदूरी कर बाइक से घर लौटते समय मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जैनुल रातभर सड़क पर पड़ा रहा, समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पोस्टमार्टम कराया।

मृतक जैनुल डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी मजरूल हसन का बेटा था। तीन भाईयों में सबसे बड़ा जैनुल दिहाड़ी मजदूरी करता था। जैनुल मंगलवार को मजदूरी करने के लिए अमरोहा आया था। रात को किसी समय वह बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक जैसे ही उसकी बाइक डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हुसैनपुर की पुलिया के पास पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में जैनुल गंभीर घायल हो गया। इसके बाद



वह घायल हालत में रातभर सड़क पर पड़ा रहा। समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण जैनुल की मौत हो गई। बुधवार सुबह राहगीरों ने शव पड़ा देख सूचना कोतवाली में दी। जानकारी मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है। परिजनों की ओर से दी जाने वाली तहरीर पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# खेल के मैदान को गड्ढों में किया तब्दील

## बच्चों ने डीएम से की मद्द की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव से बेहद भावुक कर देने वाला मामला सामने आया है। जहाँ मासूम बच्चों ने अपने खेल के अधिकार के लिए सीधे जिलाधिकारी से मदद करने की अपील की है। जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिगरिया नादरशाह के बच्चों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें उनकी आंखों में मायूसी और प्रशासन से एक बड़ी उम्मीद साफ देखी जा सकती है। वीडियो में बालक लाखन और उसके कई साथी अपनी आपबीती सुनाते हुए बताते हैं कि उनके गांव में कोई भी सरकारी खेल मैदान नहीं है। खेल के प्रति अपने जुनून के चलते इन बच्चों ने अपनी छोटी-छोटी जरूरतों में कटौती कर आपस में चंदा इकट्ठा किया था। इस पैसे से उन्होंने कड़ी मेहनत कर खेल का मैदान तैयार किया ताकि वे अपनी प्रतिभा निखार सकें। लेकिन बच्चों का आरोप है कि उनकी इस मेहनत पर खनन माफियाओं की नजर लग गई। माफियाओं ने अवैध खनन कर उस समतल मैदान को गहरे गड्ढों में तब्दील कर दिया और मिट्टी खोदकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया। अब वह मैदान खेलने लायक नहीं बचा है। जिससे बच्चों का एकमात्र सहारा भी छिन गया है। वायरल वीडियो में बच्चे भावुक होकर



जिलाधिकारी निधि गुप्ता से अपील कर रहे हैं। कि उनके साथ न्याय किया जाये। बच्चों ने मांग की है कि अवैध खनन करने वाले माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो। उनके पुराने मैदान को फिर से खेलने योग्य बनाया जाये। ग्राम पंचायत में बच्चों के लिए एक स्थायी सरकारी खेल मैदान की व्यवस्था की जाये। यह मामला ग्रामीण इलाकों में सरकारी बुनियादी सुविधाओं की कमी और बेखौफ खनन माफियाओं के प्रभाव को उजागर करता है। जहां एक ओर सरकार 'खेलो इंडिया' जैसे अभियानों से बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर चंदे से बनाए गए मैदान का नष्ट होना स्थानीय प्रशासन की सतर्कता पर सवाल खड़े करता है।

# घर से नकदी लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

## भाई ने प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 20 हजार रुपये लेकर घर से निकली युवती प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले में भाई ने प्रेमी के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, गांव में प्रेमीयुगल द्वारा कोर्ट मैरिज किए जाने का भी चर्चा है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले एक किसान की बेटी का प्रेम-प्रसंग क्षेत्र के ही एक गांव के रहने वाले युवक से चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से छिपकर मिलते थे। बीते दिनों प्रेम-प्रसंग की भनक लगने पर परिजनों ने युवती के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी थी। एफआईआर के मुताबिक मंगलवार दोपहर में लगभग 12 बजे युवती किसी बहाने से घर से निकली और प्रेमी संग फरार हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन गांव के अलावा रिश्तेदारी में उसका कुछ पता नहीं चला। वहीं, तलाश के बीच प्रेमी भी घर से गायब मिला। शक होने पर परि. जनों ने घर आकर अलमारी चेक की तो उसमें रखे 20 हजार रुपये गायब मिले। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी सुमित के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती को जल्दी ही बरामद कर लिया जाएगा।

# बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत चार लाख की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक बंद मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने 25 हजार की नकदी समेत चार लाख का सामान चोरी कर लिया। शाम के वक्त जब गृहस्वामिनी घर पहुंचीं तो उसे घटना के बारे में जानकारी हुई। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

**■ नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में हुई घटना**

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में अनु कुमार पेशे से सिविल इंजीनियर रहते हैं और उनकी ड्यूटी इस समय बाहर चल रही है। घर पर उनकी पत्नी शिल्पा रहती हैं जो कि एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। बताते हैं कि बीते दिन वे अपने मायके गयी थीं। उनका मायका मुहल्ला बस्ती में है। रात को किसी समय चोरों ने उनके घर में घुसकर 25 हजार रूपये की नकदी और सोने-चांदी के।गहने चोरी कर लिए। बुधवार की शाम को जब गृहस्वामिनी घर वापस लौटी तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था। जिसके बाद उन्हें चोरी की घटना का पता चला। चोरी की



घटना होने की जानकारी मिलते हीआसपास के लोगों की भीड़ लग गयी।सूचना पुलिस को दी गयी।जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल का आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# वित्तविहीन शिक्षकों के सहयोग के प्रति सदैव तत्पर: ढिल्लो

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** वित्तविहीन स्कूल प्रबंधक वेलफेयर एशोसिएशन की एक बैठक में आगामी बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक विधायक चुनाव पर चर्चा की। वित्तविहीन शिक्षकों ने डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो को अपना समर्थन सौंपा।

**■ एसोसिएशन की बैठक में चुनाव को लेकर हुई चर्चा**

शिक्षक विधायक ने कहा कि उन्होंने सदन में वित्तविहीन शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हमेशा आवाज उठाई है। पिछले चुनावों में भी वित्तविहीन शिक्षकों का भरपूर प्यार और समर्थन उन्हें मिला था, आगामी 2026 के चुनावों में भी उन्हें पहले से भी ज्यादा प्यार मिलेगा, ऐसा उन्हें पूरा विश्वास है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने भी प्रदेश सरकार द्वारा वित्तविहीन शिक्षकों एवं नागरिकों के हित में किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश सिद्धू, ब्लाकाध्यक्ष मूलचंद सिंह, महामंत्री सुमितकुमार, जितेन्द भड़ाना, सर्वेंद्र कुमार, रविराज सिंह, योगेन्द्र सिंह, डॉ.जयपाल



सिंह, श्याम सिंह, अनिल सिरोही, हरेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह सतीश कुमार, महेश कुमार, रामपाल सिंह, सुधांशु गुप्ता, सतीश कुमार, सदाकत अली, अहसान भली आदि मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

## बाजार से खरीदारी कर लौट रहे थे घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साप्ताहिक बाजार से खरीदारी कर घर लौटते समय सड़क पार करते हुए तेज रफ्तार बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम अहसान डिडौली के साप्ताहिक बाजार से खरीदारी करने गए थे। शाम को करीब चार बजे वह सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। डिडौली में सड़क पार करते में तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अहसान गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने अहसान को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मृतक अहसान के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। वह बिना कार्रवाई शव घर ले गए। फिलहाल, मामले में कोई तहरीर नहीं दी है।

# खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकली

## फूलों की वर्षा से भक्तिमय हुआ नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बुधवार को श्री खाटू श्याम मित्र मंडल धनौरा की ओर से नगर में श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत इस यात्रा में महिला, पुरुष और बच्चों समेत बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने भाग लिया।

निशान यात्रा का शुभारंभ नगर के मोहल्ला महादेव टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा प्राचीन मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। यहां से यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः नवदुर्गा प्राचीन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा में बाबा श्याम की मनोहारी छवि को सजे-धजे रथ पर विराजमान किया गया



था। श्याम प्रेमी हाथों में बाबा का निशान लेकर डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया, जिसे देखकर मार्ग पर मौजूद लोग भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के सेवादार दीपक शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल मन की शुद्धि करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। यात्रा के समापन पर संकीर्तन स्थल पर पहुंचकर श्याम प्रेमियों ने बाबा की आरती की और विधिवत निशान यात्रा का समापन किया। इसके बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। निशान यात्रा में सेवादार दीपक शर्मा, अर्पित कौशिक, मीनू शर्मा, सोनिया अग्रवाल, सौरभ शर्मा, सुधांशु शर्मा, विशाल कौशिक, नमन रस्तोगी, ज्योति, सुमन, सर्वेश शर्मा, कौशल सिंह, मिष्ठी विश्नोई, राजवर्धन विश्नोई, महेश, राजेश, प्रीती, संतोष शर्मा, सचिन, कोमल यादव, पूनम, हर्ष, राखी, अलका शर्मा, संजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नए साल के जश्न को लेकर पुलिस अलर्ट

## एसपी के निर्देश पर चला चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नववर्ष के अवसर पर जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख मागों, चौराहों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों और जिला बॉर्डरों पर बैरियर लगाकर सघन जांच की। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन तलाशी ली गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एसपी अमित कुमार आनंद द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, पहचान पत्र साथ रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिले में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पर सूफियाना समां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ख्वाजा गरीब नवाज मोईन उद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के सिलसिले में बुधवार को नूरानी महफिल का आयोजन किया गया। कव्वालों ने ख्वाजा की शान में सूफियाना कलाम पेश कर समा बांध दिया। जिसे सुनकर अकीद. तमंद झूमने पर मजबूर हो गए।सलात-ओ-सलाम के नजराने पेश किए गए।

शहर के मोहल्ला कुरैशी स्थित अलीजान मंजिल में खलीफा माजिद की ओर से इस महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे की गई। मशहूर कव्वाल जावेद व हमनवां ने ख्वाजा गरीब नवाज की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए। जिसे सुनकर अकीदतम. ंद झूमने पर मजबूर हो गए। इसके बाद कुल शरीफ संग माहौल नूरानी हो गया। लंगर में बड़ी तादाद में लोग शामिल रहे। दरगाह मियां मौज के सज्जादानशीन हादी अजीम मियां

**■ अलीजान मंजिल में सजी नूरानी महफिल**

जाफरी ने लोगों को बताया कि ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती अपने चंद मुरीदों के साथ संजर से हिन्दुस्तान तशरीफ लाए और राजस्थान के अजमेर शहर में आकर रुके, मुल्क में उस वक्त पृथ्वी राज चौहान का दौर-ए-हुकूमत था। गरीब नवाज के अखलाक की बुनियाद पर लोग उनके साथ जुड़ते चले गए और आपका लकब गरीब नवाज पड़ गया। खानदान से आप हसनी-हुसैनी सैय्यद हैं, आपका सिलसिला चिश्ती है। आज भी आपको मानने वाले हर मजहब में मौजूद हैं इसलिए आप हिन्दुस्तान के बादशाह कहलाते हैं। आखिर में हिन्द के बादशाह मेरे ख्वाजा पिया, उनकी शाही हुकूमत पे लाखों सलाम, सलात-ओ-सलाम पर संपन्न हुई महफिल के बाद अकीदतमंदों में तबररूक तकसीम किया गया। इस दौरान उवैस मुस्तफा रिजवी, सूफी मोईन उद्दीन, मुश्ताक साबरी, सूफी निशात, जैद रिजवी, खुर्शीद आलम, डा.अफसर परवेज तारिक अजीम, शुऐब चौधरी, सलीम फरीदी, सुल्तान अंसारी, नदीम अहमद, सूफी तसद्दुक हुसैन आदि मौजूद रहे।



# सांसद नदवी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैंप कार्यालय पर जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे और कहा कि है इस सर्दी के मौसम में न जाने कितने लोग ठंड के कारण परेशान हैं और रातों को ठंड के कारण सो नहीं पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश रहेगी कि इस ठंड के मौसम में कोई भी गरीब बेसहारा ठंड के कारण परेशान ना हो और मैं आगे भी जरूरतमंद लोगों को कंबल या अन्य सामान वितरण करता रहूंगा। सांसद नदवी ने कहा कि मैं जिला प्रशासन से भी कहना चाहता हूं कि इस शीत लहर ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल या अन्य सामान वितरण करें और जगह-जगह अलाव लगवाये।



स्वार क्षेत्र के ग्राम बिजड़ा में नजाकत सेठ का इंतेकाल हो गया था सांसद मोहिबुल्लाह नदवी आज ग्राम बिजडा पहुंचे और दफन में शामिल होकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की। ग्राम गोविंद पूरा, हसन अली का माजरा, मिलक ताज खा, मैं अभी कुछ रोज पहले इन्तेकाल हो गये थे सांसद नदवी ने उनके घर ताजीयत के लिए पहुंचे और मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

शहर विधानसभा के ग्राम अलीपुर जुनावी में रिफाकत प्रधान के वालिद साहब का इंतकाल हो गया सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने दफन में शामिल होकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

अभी कुछ दिन पहले पहाड़ी गेट पर एक दर्द नक हादसा हुआ था जिसमें ट्रक बोलोरो गाड़ी के ऊपर पलट गया था और उसमें बोलेरो चालक फिरासत की मौके पर ही मौत हो गई थी।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी फिरासत के घर, मोहल्ल गुर्जर टोला पहुंचे और मरहूम की मगफिरत की दुआ की। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी कस्बा टांडा पहुंचे कस्बा टांडा में हाजी अतीक साहब के बेटे का एक्सीडेंट हो गया था जिसमें हाफिज सलमान की मौत हो गई।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी ने हाजी अतीक साहब से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और हाफिज सलमान के घर ताजियत के लिए पहुंचकर मगफिरत की दुआ की। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाफिज नूरी, राम बहादुर सागर, अरशद अली एडवोकेट, जुबेर अहमद, उवैस खान, जमील सैफी, कलवे अली, नासिर शेख, डॉक्टर मकतूब अहमद, उस्मान पाशा, हाजी अयूब, डॉक्टर मकतब अहमद आदि शामिल रहे।

# सैफनी शाहाबाद बिलारी मार्ग पर अवैध रूप से चल रहे टेंपुओं की भरमार, आलाधिकारी कर रहे अनदेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शाहाबाद बिलारी मार्ग पर टेम्पों की अवैध रूप से चलने की समस्या आम हो चुकी है जहां टेंपू चालक बिना दस्तावेज के ओर क्षमता से अधिक लोगों को ढो रहे है यह न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि यात्रियों के लिए खतरा बना हुआ है जबकि इस मार्ग पर पूर्व में कई बड़े सड़क हादसे हो चुके है लेकिन फिर भी आलाधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे कुछ समय पूर्व अधिकारियों ने इन अवैध टेंपू को न चलाने की चेतावनी भी दी थी लेकिन मनमानी कर रहे है टेंपू चालक वही दूसरी ओर ई रिक्शाओ की भारी संख्या में अंबेडकर प्रतिमा के समीप सड़क पर खड़े रहने के



कारण भारी संख्या में वाहनों की एक लंबी कतार में जाम लग जाता है जबकि ई रिक्शा चालकों की शिकायत पहले भी की जा चुकी है यदि इन ई रिक्शा चालकों का एक अलग खड़े करने की जगह दे दी जाए तो वाहनों के जाम को रोका जा सकता है और तो ओर एंबुलेंस जोकि रोगियों को उपचार हेतु इमरजेंसी में अस्पताल में ले जा रही हो और जाम लगा हो तो रोगी के प्राण भी निकल सकते है इसीलिए आलाधिकारियों को इन ई रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाना चाहिए।

# पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग मिलक खानम चमरौआ विधानसभा क्षेत्र में बसपा नेता शेंकी सागर के प्रतिष्ठान पर हुई।



बैठक को सम्बोधित करते हुए, बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंक. ारी ने कहा, कि दिनांक 15 जनवरी 2026 को बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन मंडल स्तर पर मुरादाबाद में मनाया जाएगा। संगठन के कार्यकर्ता भारी संख्या में बसों के माध्यम से एवं अपने निजी वाहनों से उनके जन्मदिन के कार्यक्रम में पहुंचे उनका जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रचार-प्रसार के लिए पदाधिकारी की टीम बना दी है जो क्षेत्र में जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आगे कहा की आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है 2027 में बसपा की सरकार बनेगी और इस प्रदेश की बहन कुमारी मायावती पांचवी बार मुख्यमंत्री बनेगी। इस अवसर पर मौजूद रहे जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष राजू सागर , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शेंकी सागर, रामपाल, ओमप्रकाश, शाकिर अली, हरपाल, वसीम, नाजिम, रोहित, विजय, अमर सिंह, अजय, विशाल, सुरजीत आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मुंबई में फिल्मी सितारों के बीच डा. चन्द्रप्रकाश शर्मा को मिला प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025

**■ रामपुर जिले में नगर मिलक के साहित्यकार ने बढ़ाया जिले का मान, बॉलीवुड दिग्गजों ने की सराहना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** वर्ष 2025 की विदाई के अवसर पर मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में जनपद रामपुर के मिलक निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा को हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए "प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025" से सम्मानित किया गया। फिल्मी सितारों के जमघट के बीच यह सम्मान मिलक व रामपुर जनपद के लिए गौरव का क्षण बन गया।

जेपीटी प्रोडक्शन के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बॉलीवुड लीजेंड अभिनेता एवं महाभारत धारावाहिक में युधिष्ठिर की भूमिका निभाने वाले गजेन्द्र चौहान तथा वेलकम, हम हैं राही प्यार के और जोड़ी नंबर 1 जैसी सुपरहिट फिल्मों के अभिनेता व हास्य कलाकार मुश्ताक




खान ने डॉ. शर्मा को चमचमाती ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मंच से उद्घोषिका द्वारा आमंत्रित किए जाने पर अभिनेता गजेन्द्र चौहान ने डॉ. शर्मा से उनके लेखन की विशेषता के बारे में प्रश्न किया। इस पर डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि उनका लेखन सामाजिक सरोकारों, राष्ट्रीय चेतना, आध्यात्मिकता, तार्किकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ओत-प्रोत रहता है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए और युवा वर्ग उससे प्रेरणा ले सके। उनकी बातों को अभिनेता मुश्ताक खान ने भी पूरे आत्मीय भाव से सुना और स्नेह प्रकट किया।

छह पुस्तकों के रचयिता, रेडियो वार्ताकार, कवि एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रशंसित लेखन के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. शर्मा को यह सम्मान उनके साहित्यिक योगदान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर राजदीप, केवल कुमार, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम मिशरुद्दीन शेख, अभिनेता सुरेन्द्र ठाकुर, अभिषेक खन्ना, केरल की अभिनेत्री शिवांगी ज, अभिनेत्री पूजा पाण्डेय, एसीपी संजय पाटिल, सुन्दरी ठाकुर एवं टी.एस. जडेजा से भी डॉ. शर्मा की मुलाकात हुई।

इस प्रतिष्ठित सम्मान की घोषणा होते ही डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा के चाहने वालों, साहित्यप्रेमियों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्हें देश-विदेश से लगातार बधाइयां और शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं।

# भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष ने कम्बल वितरित किए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने ग्राम पंचायत लखीमपुर में विधवा बुजुर्ग, गरीब असहाय, व्यक्तियों को 100 कंबल वितरित किए जिसमें स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने सभी से कहा कि किसी भी व्यक्ति की पेंशन आयुष्मान कार्ड या गरीब लड़कियों की शादी के लिए पैसा नहीं मिल रहा है उसे सारी योजनाओं का और आवास शौचालय का भी लाभ दिलाया जाएगा। जो भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाएं चल रही है इन्हीं सब योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, मुंशीलाल, गजेंद्र, प्रताप वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्ति निरीक्षक की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा जिलाधिकारी से मिलने को मौके पर पहुचे इस दौरान एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्ति विभाग मिलक अपनी मनमानी पर उतारू है जो यूनिट और राशन कार्ड काटने और बनाने का काम गरीब मजदूर के साथ चल रहा है।

सप्लाई इंस्पेक्टर आलोक सिंह, बाबू शुक्ला खुलेआम उत्पीड़न कर रहे हैं यदि शिकायत पर कोई संज्ञान नहीं लेते यदि प्रधानों व डिपो होल्डर उनके अलावा कोई सामाजिक आदमी अगर किसी कार्य से अगर पहुंच जाए उसके कागज तक लेने को तैयार नहीं है। क्योंकि इन लोगों की मिली भगत से यह कार्य चल रहा है।



हम जिले पर बैठे अपने अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन के जरिए सूचित कर रहे हैं जिसकी शिकायत पहले की गई है। जिला अध्यक्ष सनजोर अली पाशा ने कह यदि इसी तरह किसानों का उत्पीड़न होता रहा तो जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अगवत कराएंगे। इस दौरान नासिर मियां, फुरकान अली, सोहेल पाशा, अब्दुल, इस्लाम नवी, राशिद खान, जावेद, अफरोज, भूपेंद्र मौर्य, अजय मौर्य, बृजलाल मौर्य, विमला देवी, रेखा देवी, मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

# ईंट भट्टों का औचक निरीक्षण सुरक्षा और नियमों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों की सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक नियमों के अनुपालन को लेकर अग्निशमन अधिकारी एवं जिला खनन अधिकारी, और खनन इंस्पेक्टर नायब तहसीलदार, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भट्टों पर अग्नि सुरक्षा उपकरण, पानी की उपलब्धता, मजदूरों की सुरक्षा, चिमनियों की स्थिति तथा पर्यावरणीय मानकों की गहन जांच



की गई।अग्निशमन अधिकारी ने भट्टा संचालकों को आग से बचाव के आवश्यक उपाय अपनाने, अग्निशमन यंत्र दुरुस्त रखने एवं आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दिए।

वहीं खनन अधिकारी ने मिट्टी खनन, भट्टों के लाइसेंस, मानकों के अनुसार ईंट निर्माण तथा सरकारी नियमों के पालन की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान कुछ भट्टों पर मामूली खामियां पाई गईं, जिन्हें शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले भट्टा संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के ईंट भट्टा संचालकों में हड़कंप मचा रहा, वहीं प्रशासन की इस पहल को मजदूरों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 1137 वाहनो की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 30 दिसम्बर 2025 को जनपद की सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर 09 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान प्रशासन, पुलिस तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1137 वाहनों की जांच की गई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# राजकीय बाल गृह, रामपुर में नववर्ष 2026 का हर्षोल्लासपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार को राजकीय बाल गृह (शिशु सदन), रामपुर में नववर्ष 2026 के स्वागत हेतु एक हर्षोल्लासपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निराश्रित बच्चों के जीवन में स्नेह, अपनत्व और उल्लास की भावना का संचार करना था, ताकि वे नववर्ष का स्वागत खुशी और उत्साह के साथ कर सकें तथा अपने जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकें।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक गति. विधियों से हुई। नृत्य, गायन, निबंध प्रतियोगिता और अन्य रचनात्मक



प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने यह संदेश दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी संकल्प, मेहनत और रचनात्मकता के माध्यम से जीवन में खुशियाँ और सुंदरता लाई जा सकती हैं।

विशेष अवसर पर 12ख13 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें खेल और स्वास्थ्य के प्रति प्रेरणा मिले।

अन्य बच्चों को वस्त्र, स्लाइड, चॉकलेट की टोकरी और छोटे बच्चों को खिलौने वितरित किए गए, ताकि उन्हें अपनत्व और खुशी का अनुभव हो। इसके साथ ही सभी बच्चों के लिए समुचित एवं पौष्टिक खान-पान की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे उनका स्वास्थ्य और ऊर्जा बनी रहे।

उक्त कार्यक्रम में अजय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी रामपुर ने बच्चों के बीच स्नेह, प्रोत्साहन और शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहीं।

# डीएम और सीडीओ ने दिव्यांग को ट्राईसाइकिल एवं कंबल किया प्रदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम खजराही निवासी दिव्यांग तेजराम को ट्राईसाइकिल एवं कंबल प्रदान की गई, जिससे वे अपने दैनिक कार्यों को आत्मनिर्भरता के साथ संपन्न कर सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के प्रत्येक वर्ग,



विशेषकर दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ट्राईसाइकिल जैसी सहायता से न केवल उनकी गतिशीलता बढ़ती है, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी सुदृढ़ होती है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

# शीतलहर से बचाव को जनपद में व्यापक व्यवस्था जिलाधिकारी के निर्देशन में सतत राहत कार्य जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा एवं राहत सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

जनपद में कुल 14 रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें जिला प्रशासन एवं विभिन्न नगर निकायों द्वारा स्थापित रैन बसेरे सम्मिलित हैं।

इन रैन बसेरों में ठहरने वाले निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए समुचित सुविधा सुनिश्चित की गई है।

जनपद में संचालित रैन बसेरों में जिला अस्पताल परिसर, रामपुर, न्यू रोडवेज परिसर, रामपुर, जलकल परिसर, बिलासपुर रोड, मिलक, मुमताज पार्क, नगर पालिका परिषद, रामपुर, नगर पंचायत नरपत नगर (डुंडावाला), नगर पंचायत शाहबाद कार्यालय, शाहबाद, नगर पंचायत सैफनी रैन बसेरा, सैफनी, नगर पालिका परिषद स्वार रैन बसेरा, स्वार, साप्ताहिक बाजार, वार्ड-09, मसवासी, रैन बसेरा, बिलासपुर, नगर पंचायत गोदाम, दढ़ियाल, नगर पंचायत केमरी रैन बसेरा, केमरी, नगर पालिका परिषद टांडा रैन बसेरा, टांडा शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 183 स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं।

प्रमुख स्थलों में माल गोदाम, ज्वाला नगर, राम चौराहा, तोपखाना, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला जेल एवं थाना सिविल लाइन शामिल हैं, जहां प्रात: एवं सायंकाल दोनों समय अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

शीतलहर से बचाव हेतु कुल 6,391 कंबलों का वितरण किया गया है, जिनमें से 6,178 कंबल जिला प्रशासन द्वारा तथा 213 कंबल विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के सहयोग से असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को वितरित किए गए हैं।

जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा अलाव एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर प्रभावी रूप से संचालित रहें, ताकि शीतलहर के प्रकोप से आमजन को सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत जनपद में किसी भी व्यक्ति को सड़कों पर न सोने दिया जाए।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित सभी रैन बसेरों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जा सके।

संबंधित विभाग सतत निगरानी रखते हुए ऐसे व्यक्तियों को रैन बसेरों में पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# नववर्ष के अवसर पर डीएम और एसपी ने किया पत्रकारों का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नववर्ष के अवसर पर जनपद में संवाद, सहयोग और सौहार्द की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में जिले में प्रचलित विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रति. निधियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जनपद के पत्रकारों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी और उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं,



जो समाज की वास्तविकताओं को उजागर कर शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी संकल्प लिया है, वह अवश्य पूर्ण हों और नया वर्ष सभी के जीवन में सकारात्मकता, सफलता और नई ऊर्जा लेकर आए।

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया और प्रशासन का उद्देश्य समान है। जनहित की रक्षा और समाज में जागरूकता को बढ़ावा देना ही लक्ष्य है

पत्रकारिता समाज को दिशा देने का कार्य करती है और प्रशासन के लिए भी एक मजबूत सहयोगी की भूमिका निभाती है।

# बाइक की चपेट में आकर किसान की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर घायल हुए किसान की उपचार के दौरान मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना रहरा क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंगानगर निवासी 60 वर्षीय गजराम पुत्र दोलती सिंह की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक कि गजराम पैदल गेहूं पिसवाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान गंगानगर गांव और चौकी के बीच एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गजराम गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उपचार के लिए उन्हें मुरादाबाद के अस्पताल ले गये। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने बाइक चालक के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पांच बच्चों का परिवार छोड़ गये हैं। परिजनों के अनुसार उनके 4 बच्चों की शादी हो चुकी है। जिममें बेटे एवं बेटी शेरपाल, समरपाल, कोशिंद, मंगलिया की शादी हो चुकी है। रहरा थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# बार एसोसिएशन के संदीप बने अध्यक्ष

## 157 मतों में 91 हासिल कर दर्ज की जीत, हितेश चौधरी ने महासचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के तहत मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चले मतदान में कुल 157 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू की गई, जिसमें देर शाम परिणाम घोषित कर दिए गए।

चुनाव परिणामों में अध्यक्ष पद पर एडवोकेट संदीप कुमार गुप्ता ने जीत दर्ज की। उन्हें कुल 91 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एडवोकेट मूलचंद त्यागी को 65 मत मिले। एक मत अवैध घोषित किया गया। कड़े मुकाबले में संदीप गुप्ता की जीत के साथ ही बार एसोसिएशन को नया अध्यक्ष मिल गया। अन्य पदों पर हुए चुनाव में महासचिव पद पर एडवोकेट हितेश चौधरी और कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट हरिओम सागर ने विजय प्राप्त की। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बार परिसर में बधाइयों का दौर शुरू हो गया। चुनाव



अधिकारी रविंद्र प्रताप यादव, एडवोकेट ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। मतदान और मतगणना के दौरान सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। नव-निर्वाचित अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने जीत के बाद सभी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे बार के हितों की रक्षा और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया। बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनुराग कुमार ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी।

# डा. योगेन्द्र को मिला सीएमओ का चार्ज

## गजरौला में डेढ़ दशक दे चुके सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। डा. योगेन्द्र सिंह को नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। देर सायं उन्होने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

बताते चलें कि पूर्व सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह आज सेवानिवृत्त हो गये। नए सीएमओ की तैनाती को लेकर डाक्टरों में खींचतान जारी थी। पिछले करीब डेढ़ दशक से गजरौला सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं देने वाले डा. योगेन्द्र सिंह को नया सीएमओ नियुक्त किया गया है। बुधवार देर सांय उन्होने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। गजरौला में अपनी लम्बी



स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले नव नियुक्त सीएमओ डा. योगेन्द्र सिंह मृदभाषी हैं तथा अपनी ड्यूटी के प्रति काफी सजगह रहते हैं। उम्मीद जतायी जा रही है कि उनके सीएमओ बनने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आयेगा।

# उड़न खटोले में दुल्हन लाने में विलेन बना मौसम

## मौसम खराब होने के कारण छत्तीसगढ़ से हैलीकॉप्टर को नहीं मिला सिग्नल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। छत्तीसगढ़ से दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लेकर आने की

**■ मौसम साफ रहा तो आज छत्तीसगढ़ से हैलीकॉप्टर में आयेगी दुल्हन**

तैयारी कर रहे दूल्हा को जब सिग्नल नहीं मिला तो वह उड़न खटोले में दुल्हन को नहीं ला सके। बड़े अरमानों के साथ नई नवेली दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लाने का सपना दूल्हा का खराब मौसम ने काफूर कर दिया।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव इकौदा निवासी जाहिद के बेटे कासिम की शादी छत्तीसगढ़ निवासी



डॉक्टर रुखसार से हुई है। दूल्हा काशीम अपनी नई नवेली दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लेकर घर पहुंचना चाहता था। हेलीकॉप्टर दो दिन के लिए बुक भी कर लिया था। लेकिन मौसम की खराबी से सिग्नल नहीं मिलने पर हेलीकॉप्टर उड़ने की परमिशन नहीं मिली। जिस कारण उझारी में हेलीकॉप्टर उतरने के लिए बना हेलीपैड सूना ही रह गया। बुधवार की शाम तक हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर में आने वाली दुल्हन को देखने पहुंचे लोग दुल्हन आने का इंतजार करते रहे। लेकिन शाम को पता चला कि हेलीकॉप्टर नहीं पहुंच पा रहा है। दूल्हे कासिम के परिजनों ने बताया कि हेलीकॉप्टर की दो दिन की परमिशन ली गई है। मौसम खराबी की वजह से सिग्नल नहीं मिलने पर दूल्हा-दुल्हन नहीं पहुंच सके। गुरुवार शाम 4 बजे तक की परमिशन और रही है। अगर गुरूवार को मौसम साफ रहा था तो गुरुवार को दूल्हा दुल्हन को हेलीकॉप्टर से उझारी में बने हेलीपैड पर उतरकर अपने घर पहुंचेंगे। क्षेत्र के लोगों में हेलीकॉप्टर से आने वाली दुल्हन को देखने के लिए उत्सुकता धरी की धरी रह गई।

# नववर्ष के स्वागत को युवाओं में उत्साह

## मैसेज भेजकर एक-दूसरे की दी बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नववर्ष के आगमन को लेकर जिलेभर में उत्साह और उल्लास का माहौल है। बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है, वहीं लोग नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। होटल, रेस्टोरेंट और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष तैयारियां की गई हैं।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और बीते वर्ष की यादों को साझा किया। युवाओं में नए साल को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया, वहीं बुजुर्गों ने नए साल में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कई परिवारों ने घरों में पूजा-अर्चना कर नववर्ष का स्वागत किया। व्यापारियों को भी नए साल से अच्छी उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि नया साल तरक्की और खुशहाली लेकर आए। धार्मिक व सामाजिक संगठनों की ओर से भी नववर्ष को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। कुल मिलाकर, जिले में नववर्ष को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है और लोग नए साल से बेहतर भविष्य की आस लगाए हुए हैं।

## फास्ट फूड के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं को फास्ट फूड प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अस्वस्थ खानपान से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमेन डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अनजाने में अपने स्वास्थ्य के साथ समझौता कर रही है। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड देखने और स्वाद में भले ही आकर्षक हो, लेकिन यह शरीर के लिए धीमा जहर साबित होता है। प्राचार्या डॉ रिजवाना कुलसुम ने छात्राओं को फास्ट फूड से दूर रहने, स्वच्छ एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्टाफ मौजूद रहा।

# बीएलओ पर शराब पीकर ड्यूटी करने का आरोप

## वीडियो वायरल, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव दोरारा स्थित एक विद्यालय में बीएलओ ड्यूटी के दौरान एक अध्यापक पर शराब के नशे में रहने और ग्रामीणों से बदसलूकी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान बीएलओ नशे की हालत में थे और उन्होंने न तो अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन किया और न ही ग्रामीणों से शालीन व्यवहार किया। मतदाता सूची और अन्य दस्तावेजों से संबंधित कार्य के लिए पहुंचे ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। घटना का एक वीडियो भी बनाया गया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में संबंधित बीएलओ कैमरे के सामने नशे की स्थिति स्वीकार



करते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर दोषी अध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि शिकायत या वीडियो साक्ष्य प्राप्त होने पर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ग्रामीण निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बीएसडी एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

## शिक्षा व अनुशासन का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ?अमरोहा रोड स्थित बीएसडी एकेडमी के मैदान में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नौगावा विधायक चौधरी समरपाल सिंह एवं एकेडमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि चौधरी समरपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के जीवन में अनुशासन और समयबद्ध दिनचर्या बेहद जरूरी है। यदि सुबह की शुरुआत सही होती है तो पूरा दिन सकारात्मक रहता है। उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार, नियमित अध्ययन और मोबाइल व नशे से दूर रहने की सीख दी।

लोकदल जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और



बीएसडी एकेडमी के शैक्षिक प्रयासों की सराहना की। एकेडमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा कि बीएसडी एकेडमी ग्रामीण अंचल के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले क्षेत्र से बहुत कम बच्चे सैनिक स्कूलों तक पहुंच पाते थे, लेकिन आज बीएसडी एकेडमी के मार्गदर्शन में 33 छात्र सैनिक व मिलिट्री स्कूलों में अध्ययनरत हैं। इसके अलावा सैनिक स्कूल अमेठी में बीएसडी एकेडमी के 35 छात्रों का चयन हुआ है, जबकि वहां ऑल इंडिया स्तर पर कुल 99 छात्र चयनित हुए। यह उपलब्धि एकेडमी के लिए गर्व का विषय है। बीएसडी एकेडमी की निर्देशिका सुशीला देवी ने कहा कि एकेडमी का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गति. विधियों और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि छात्र हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। निर्देशिका ने सभी अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही बच्चे लगातार सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक नितिन धारीवाल ने मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सत्यवीर चौहान, अरविंद अमहेड़ा, पुष्पराज सिंह, तेजवीर सिंह आलूना, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंधर्व, महिपाल सिंह, रवि कौशिक सहित एकेडमी का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।बीएसडी एकेडमी का वार्षिकोत्सव शिक्षा, संस्कार और सफलता की कहानी को बखूबी दर्शाता रहा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सही मार्गदर्शन और अनुशासन से ग्रामीण अंचल के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

## ताजियत के लिए कई शायर पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। मशहूर शायर मरहूम आदिल मंसूरी की पत्नी एवं युवा शायर अजीम आदिल की वालिदा के इंतकाल हो गया था। मंगलवार की रात गमजदा परिवार के घर तहजीब की दुनिया के मशहूर शायर खुर्शीद हैदर, जुनैद अख्तर, चांद देवबंदी, तनवीर फिरोजाबादी के अलावा अन्य शायर ताजियत के लिए पहुंच गये। मशहूर शायरों ने गमजदा परिवार को दुख की घड़ी में ढांढ़स बँधाया। मरहूम आदिल मंसूरी बहुत बड़े शायर रहे हैं।

# सुना है रात के आंसू खुदा से बात करते हैं...

## अंजुमन वकारे अदब की ओर से मुशायरा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अंजुमन वकारे अदब की जानिब से ऑल इंडिया मुशायरा व रस्में इजरा किताब दीवान रईस मंसूरी का मोहल्ला कंकर वाला कुआं हसनपुर में किया गया। हिंदुस्तान के मशहूर शायर खुर्शीद हैदर ने पढ़ा गैर परों पर उड़ सकते है। हद से हद दीवारों तक अम्बर पर तो वही उड़ेंगे, जिनके अपने पर होंगे। निकहत अमरोहवी ने पढ़ा मां खुलूसो मोहब्बत का गुलदान है, मां के कदमों में जन्नत का ऐलान है। जमाल हसनपुरी ने इस अंदाज में पढ़ा बांग्लादेश रखते हैं ना पाकिस्तान रखते हैं, हम अपने दिल में बस नक्शा ए हिंदुस्तान रखते है। चांद देवबंदी ने पढ़ा गले मिलते हैं सजदों से दुआ से बात करते हैं, सुना है रात के आंसू खुदा से बात करते हैं। तनवीर फिरोजाबादी ने मुशायरे को कुछ इस अंदाज में बढ़ाया क्यों पूछते हैं आप मेरा कैसा हाल है, घुट घुट जी रहा हूं ये मेरा कमाल है। रईस मंसूरी ने फरमाया सबकी नजर मेरी दसतार पर है, जमाना मुझ से कितना जल रहा हैं। हाफिज मो. हमद फारूख ने पढ़ा जमी पर इस कदर इतरा के मत चल, जरा सी देर का सुल्तान मत बन। इकरा नूर ने पढ़ा जब तक जिऊंगी उर्दू से उल्फत करूंगी में, उर्दू की मेरे दोस्तों इज्जत करूंगी में, डॉक्टर हिलाल बदायूंनी ने संचालन करते हुए बोला चूड़ियां खनकदार कहा से लाऊं खो गये, शहर के मनिहार कहा से लाऊं। वकार हसनपुरी ने पढ़ा तू नकघब न चेहरे से हटाना, अपनी आँखें काफी हैं दीवाना बनाने के लिए। इसके अलावा दर्जनों शायरों ने अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर एडवोकेट मुजा. हिद चौधरी, गपलू मेंबर, कघरी फुरकान, सईद कुरैशी, फरीद कुरैशी, राशिद कुरैशी, मंसूर अली खा, बन्नू खा, जावेद जरताब, मो. निस मेंबर, नौशाद मेंबर, जैनुल आबेदीन खान, आजमान उल्लाह खान। एडवोकेट मुजाहिद चौधरी अलमान खान मौजूद रहे।

# शादी में 42 लाख खर्च कराकर दिया तीन तलाक

## महिला ने पति व ससुराल पक्ष पर दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। शादी के नाम पर धोखाधड़ी, दहेज की मांग, शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न और तीन तलाक का गंभीर मामला सैदनगली थाना क्षेत्र से सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता रजिया चौधरी पुत्री असरारुल हसन निवासी मोहल्ला महल, कस्बा उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा ने बताया कि उसके पिता की मुलाकात जफर हुसैन से हुई थी, जिसने अपने पुत्र आदिल नवाज को अविवाहित बताते हुए एमबीए डिग्रीधारी और दुबई की एक प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत बताया। इसी विश्वास में 03 सितंबर 2025 को हसनपुर के एक गार्डन में निकाह संपन्न कराया गया। आरोप है कि शादी के समय ससुराल पक्ष ने जेवर, कपड़े व अन्य सामान नहीं लाने दिया और विवाह के तुरंत बाद पीड़िता को मनोटा ले जाया गया। कुछ दिन बाद दिल्ली में फ्लैट या 50 लाख रुपये नकद की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर पीड़िता के साथ शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया गया तथा तलाक देने की धमकी दी गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति आदिल नवाज उसे उझारी बस अड्डे पर छोड़कर दुबई चला गया और उसके बाद कोई ससुराल पक्ष का व्यक्ति उसे लेने नहीं आया। जब पीड़िता ने सास-ससुर से संपर्क किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, पति ने 04 अक्टूबर 2025 को फोन पर तीन बार तलाक कहकर तलाक दे दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि 14 नवंबर 2025 को एक फर्जी तलाकनामा अधिवक्ता के माध्यम से भिजवाया गया, जिस पर पति के हस्ताक्षर तक नहीं हैं। शादी के नाम पर करीब 42 लाख रुपये खर्च कराकर धोखाधड़ी की गई। मामले में पुलिस ने पति आदिल नवाज, सास-ससुर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पति की दूसरी शादी के बीच पहुंची पत्नी

## महिला व परिजनों से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। थाना सैदनगली क्षेत्र में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब एक महिला ने अपने पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं पुलिस की सक्रियता से दूसरी शादी को फिलहाल रुकवा दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ताजपुर निवासी गुलिस्ता पुत्री इरशाद हुसैन ने थाना सैदनगली में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व मोहम्मद आसिफ पुत्र आरिफ निवासी ग्राम सलारपुर कला, थाना नखासा, जनपद संभल के साथ हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह पिछले करीब 15 दिनों से अपने मायके में रह रही थी। महिला का आरोप है कि इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि उसका पति दूसरी शादी कर रहा है। जब वह अपने परिजनों के साथ जानकारी करने सैदनगली क्षेत्र में पहुंची, तो वहां मौजूद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में महिला समेत उसके परिजन घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामला थाने तक पहुंचने पर पुलिस ने पूर्व पत्नी गुलिस्ता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस की तत्परता के चलते प्रस्तावित दूसरी शादी को भी रुकवा दिया गया। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सहरावत का कहना है कि मामले मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी, आशा कर्मियों को श्रमिक का दर्जा देने की मांग

## भारतीय जनता मजदूर संघ ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। भारतीय जनता मजदूर संघ ने आंगनबाड़ी, आशा, आशा संगिनी एवं मिड-डे मील वर्करों को श्रमिक का दर्जा देने व उन्हें श्रम कानूनों के अंतर्गत मानदेय व सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में संघ ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया है।

प्रदेश अध्यक्ष मरगूब सिद्दीकी ने कहा कि आंगनबाड़ी, आशा, आशा संगिनी तथा मिड-डे मील वर्कर्स देश की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रही हैं। ये महिलाएं स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल विकास से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें आज तक पूर्ण श्रमिक का दर्जा नहीं मिल पाया है। उन्होंने मांग की है कि इन वर्करों को नियमित श्रमिक मानते हुए न्यूनतम मानदेय, सामाजिक सुरक्षा, भविष्य



निधि, बीमा और अन्य श्रम कानूनों के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही उनके कार्य को सम्मानजनक पहचान देने की भी अपील की गई है। इस मौके पर आमिर खान, अंजार अहमद, सादिक सैफी, अजीम अहमद, अली हैदर, अलाउद्दीन मलिक, कमरूद्दीन, जितेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# टैम्पो में चपेट में आकर शिक्षक घायल

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र के गंगानगर टी-पॉइंट चौकी के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक अनियंत्रित टेंपो ने बाइक सवार सरकारी शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जनपद हापुड़ निवासी मनोज कुमार पुत्र रामवीर जो संभल जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात हैं मंगलवार शाम अपनी बाइक से वापस हापुड़ लौट रहे थे। जैसे ही वह गंगानगर टी-पॉइंट के समीप पहुँचे एक तेज रफ्तार टेंपो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मनोज सड़क पर गिरकर लहुलूहान हो गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# महबूब अली की सास का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली की सास का लम्बी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। बताते चलें कि सदर विधायक महबूब अली की सास एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सकीना बेगम की वालिदा श्रीमति शकूरन बेगम पिछले 13 दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं जिसपर उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज दोपहर सदर विधायक की सास ने अन्तिम सांस ली। जिससे महबूब अली के परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी। आज सांय साढ़े छह बजे सदर विधायक की सास को उनके पैतृक गांव बावनपुरा में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# कार्लसन ने 9वां टाइटल जीता

**मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड बनाया, भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगैसी को कांस्य पदक मिला**



**दोहा, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने शानदार कैंपेन का अंत किया, जबकि वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज टाइटल जीता।

22 साल के एरिगैसी को सेमीफाइनल में युवा उज्बेक ग्रैंडमास्टर नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से 2-5-0-5 से भारी हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इस हार के बावजूद, यह मेडल भारतीय खिलाड़ी के लिए एक बड़ी कामयाबी थी, जिन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में रैपिड चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था, और विश्वनाथन आनंद के बाद ओपन कैटेगरी में वर्ल्ड ब्लिट्ज मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। भारतीय खिलाड़ी ने लीग स्टेज में शानदार 15 पॉइंट्स के साथ टॉप किया था, जिसमें उन्होंने अपने आखिरी छह गेम में से चार जीते और दो ड्रॉ किए, और अकेले लीडर बने। लेकिन, वह सेमीफाइनल में शुरुआती मौकों को भुना नहीं पाए, और सफेद मोहरों से दबाव बनाने के बावजूद पहला गेम हार गए। अब्दुसत्तोरोव ने फिर एक लंबे एंडगेम मुकाबले के बाद दूसरा गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर जल्दी से ड्रॉ करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टाइटल मुक़ाबले में, मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर इस फॉर्मेट में अपनी बादशाहत दिखाई, अब्दुसत्तोरोव को 2-5-1-5 से हराकर दो दिन पहले हासिल किए गए रैपिड गोल्ड मेडल में नौवां वर्ल्ड ब्लिट्ज क्राउन जोड़ा।

# गिल, राहुल व जडेजा विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे

- **इन खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** नए साल में विजय हजारे ट्रॉफी में और भी स्टार पावर आने वाली है। इंटरनेशनल खिलाड़ी शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी राज्य टीमों में शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी कर रही होगी। क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि इन खिलाड़ियों ने अपने अनिवार्य घरेलू प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए बीएचसी के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल से उम्मीद है कि वह पंजाब के लिए 3 और 6 जनवरी को मैच खेलेंगे, जो उन दिनों जयपुर में सिक्किम और गोवा से भिड़ेंगे। पंजाब, जो ग्रुप सी में पावरहाउस मुंबई के साथ है, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर है।

उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राज्य टीम छोड़नी होगी, जिसके 7-8 जनवरी को बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी) के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद है। पता चला है कि जडेजा ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 6 और 8 जनवरी को सर्विसेज और गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। सौराष्ट्र टीम फिलहाल कर्नाटक के अलूर में अपने लीग मैच खेल रही है। उन्होंने तीन मैचों में एक जीत हासिल की है और आठ टीमों के ग्रुप में छठे स्थान पर हैं, जिसमें ऋषभ पंत की दिल्ली टीम भी शामिल है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन तुरंत यह पुष्टि नहीं कर सका कि राहुल कौन से मैच खेलेंगे, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि उनके 3 और 6 जनवरी को अहमदाबाद में त्रिपुरा और राजस्थान के खिलाफ मैच खेलने की संभावना है। कर्नाटक ग्रुप ए में तीन मैचों में 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि यशस्वी जायसवाल जयपुर पहुंच गए हैं और उम्मीद है कि वह बुधवार (31 दिसम्बर) को गोवा के खिलाफ मुंबई का मैच खेलेंगे। जायसवाल कुछ समय के लिए बीमार थे और उन्हें पहले तीन मैच छोड़ने पड़े थे, और वह लेफ्ट-हैंडेड ओपनर गोवा के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। मुंबई ग्रुप सी में तीन जीत के साथ टॉप पर है। रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और पंत तक, जयादातर इंटरनेशनल खिलाड़ी, जसप्रीत बुमराह को छोड़कर - विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) में अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आए हैं, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हिस्सा लेना जरूरी कर दिया है। बुमराह एक खास मामला हैं क्योंकि बीसीसीआई देश के मुख्य गेंदबाज पर ज्यादा वर्कलोड डालने से बच रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लिए नीलामी शनिवार को

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत भारत की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित पेशेवर कुश्ती लीग, प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल), अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन की औपचारिक शुरुआत करने जा रही है। लीग ने आधिकारिक खिलाड़ी नीलामी की तारीख 3 जनवरी 2026 (शनिवार) घोषित कर दी है। नीलामी से पहले, लीग ने उन छह फ्रेंचाइजी के नामों का भी खुलासा किया है जो पीडब्ल्यूएल 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह छह वर्षों के अंतराल के बाद लीग की वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। आगामी सीजन फाइव में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह फ्रेंचाइजी हैं। हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई डांगल्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली डांगल वॉरियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स।

### तीन शतकों के साथ बड़ौदा ने बनाया 417/4 का स्कोर

**राजकोट, वार्ता।** अमित हरियम पासी (127), नित्य पंड्या (122) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (नाबाद109) की शतकीय पारियों के दम पर बड़ौदा ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुक़ाबले में हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट पर 417 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यहां हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा के लिए नित्य पांड्या और अमित हरियम पासी की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 230 रन जोड़े। 30वें ओवर में ए वरुण ने अमित को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अमित ने 93 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 127 रनों की पारी खेली।

# गौस ने वाईपर्स को ILT टी-20 फाइनल में पहुंचाया

- **एंड्रीज गौस ने 58 गेंदों में 120 रनों की नाबाद पारी खेली, गौस ने नौ छक्के और सात चौके लगाए**

**अबू धाबी, वार्ता।** एंड्रीज गौस की 58 गेंदों में 120 रन की नाबाद पारी ने डेजर्ट वाइपर्स को आईएल टी20 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि उन्होंने मंगलवार को अबू धाबी में पहले क्वालीफायर में एमआई अमीरात को 45 रनों से हरा दिया।

गौस, जिन्होंने नौ छक्के और सात चौके लगाए, ने फखर जमान के साथ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 157 रनों की साझेदारी की, जिससे वाइपर्स ने 233/1 का बड़ा स्कोर बनाया। एमआई अमीरात, टॉम बैंटन (27 गेंदों में 63 रन) की अच्छी शुरुआत और आखिर में रोमारियो शेफर्ड की तेज पारी के बावजूद, 7 विकेट पर 188 रन ही बना पाई, जिससे वाइपर्स ने एक शानदार जीत हासिल करके लगातार दूसरी बार आईएल टी20 फाइनल में जगह बनाई। फजलहक फारूकी के खिलाफ सतर्क शुरुआत के बाद, गौस और फखर जल्दी ही जम गए, आसानी से स्ट्राइक रोटेट करते रहे और वाइपर्स को बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने अपने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए।

पांचवें ओवर में शेफर्ड को 20 रन पड़े, जिसमें गौस ने दो छक्के और एक चौका लगाया। वाइपर्स ने पावरप्ले में 47 रन बनाए और बीच के ओवरों में बाउंड्री लगने लगीं, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों ने ओवरपिच या छोटी गेंदों पर प्रहार किया, जिससे वाइपर्स का शतक 11 ओवर के अंदर पूरा हो गया और साझेदारी आईएल टी20 इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी बन गई। यह साझेदारी आखिरकार तब टूटी जब फखर 69 रन बनाकर एएम गजनफर का शिकार हुए, जिससे 16वें ओवर में गेंदबाजों को कुछ राहत मिली। लेकिन तब तक, गौस ने पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया था। उन्होंने साफ-सुथरे सीधे हिटिंग और दमदार पुल शॉट्स के मिश्रण से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। उनका शतक सिर्फ 58 गेंदों में आया, जिससे वह लीग के नॉकआउट चरणों में शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अमीरात के गेंदबाजों को डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने में मुश्किल हुई, उन्होंने लगातार फुल टॉस गेंदें फेंकीं जो स्टैंड्स या गैप्स में चली गईं। 19वें ओवर में 22 रन बने, जब गौस ने शेफर्ड की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर वाइपर्स को 200 रन के पार पहुंचाया। सैम करन ने यह सुनिश्चित किया कि मोमेंटम और भी बढ़े, क्योंकि उन्हें सेट होने में कोई समय नहीं लगा, उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 38 रन बनाए। इसमें आखिरी ओवर में जहूर खान की गेंदों पर दो छक्के और दो चौके शामिल थे, क्योंकि आखिरी दो ओवरों में 44 रन बने, जिसमें गौस-करन की जोड़ी ने सिर्फ 25 गेंदों में 76 रन बनाए।

एमआई अमीरात ने इरादे के साथ पीछा करना शुरू किया, मुहम्मद वसीम ने पहली गेंद से ही तेजी से रन बनाए और बार-बार लेग-साइड की बाउंड्री पार की। आंद्रे फ्लेचर उस गति से तालमेल बिठाने में संघर्ष करते दिखे और जल्दी आउट हो गए, लेकिन बैंटन ने एक तूफानी जवाबी हमले से पीछा जारी रखा। क्लीन पुल शॉट्स को निडर लॉफ्टेड स्ट्रोक्स के साथ मिलाकर, बैंटन ने 21 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया, और वसीम के साथ एक तेज साझेदारी की जिसने कुछ समय के लिए विश्वास जगाया। आधे मैच तक, एमआई अमीरात 104/1 पर ट्रैक पर लग रही थी, लेकिन हर शांत ओवर के साथ आस्किंग रेट बढ़ता गया।

# दीप्ति शर्मा टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी

- **दीप्ति ने श्रीलंका में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा**

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में महिला और पुरुष वर्ग दोनों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांचवें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2016 में पदार्पण के बाद से 133 मैचों में अपना 152वां टी-20 विकेट लेकर यह मुकाम हासिल किया।

इसी के साथ दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में पाकिस्तान की निदा डार 144 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रवांडा की हेनरीट इशिम्वे 117 मैचों में 144 विकेट के साथ चौथे तथा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 101 मैचों में 142 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के साथ ही दीप्ति शर्मा महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। दीप्ति के पास (टेस्ट में 20, एकदिवसीय में 162 और टी-20 में 152 विकेट) सहित कुल 334 विकेट हैं, जबकि गोस्वामी ने (टेस्ट में 44, एकदिवसीय में 255, टी-20 में 56 विकेट) कुल 355 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट 335 विकेट के साथ दीप्ति से ठीक आगे हैं।



# आईसीसी ने ईडन गार्डन्स पिच को 'संतोषजनक' बताया

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवम्बर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निंदा नहीं हुई। यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है कि भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया। जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था। पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया, और दक्षिण अफ्रीका के ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर को मैच में 51 रन देकर आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय स्पिनर वैसा प्रभाव नहीं डाल पाए, जिससे शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। सौरव गांगुली ने ऐसी सतह चुनने के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान को लगा कि टीम में इतनी प्रतिभा है कि वह अत्यधिक सहायता वाली पिचों के बजाय खेल के लिए अच्छी पिचों पर सफल हो सकती है। उन्होंने कहा कि अच्छी विकेटों पर खेलें। मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। लेकिन उन्हें अच्छी विकेटों पर खेलना चाहिए। क्योंकि उनके पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी, कुलदीप (यादव) और (रवींद्र) जडेजा हैं। गुवाहाटी में दूसरा और आखिरी टेस्ट काफी बेहतर पिच पर खेला गया, और मैच पूरे पांच दिन चला।

## वर्षों तक कोमा में रहने के बाद पूर्व क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन

**कोलंबो, वार्ता।** दुर्घटना के बाद कई वर्षों तक कोमा में रहने के बाद मंगलवार को श्रीलंका के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन हो गया। समुद्री तट पर अभ्यास के बाद फर्नांडो 28 दिसम्बर 2018 को दक्षिणी कोलंबो के माउंट लाविनिया में रेलवे ट्रैक को पार करते समय एक ट्रेन की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद वह अधिकांश समय लाइफ सपोर्ट पर ही रहे। 27 वर्षीय दाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज फर्नांडो जब ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त हुए थे उस समय उनके करियर ने अपनी उड़ान ही भरी थी। दुर्घटना से कुछ सप्ताह पहले ही उन्होंने रागामा क्रिकेट क्लब के लिए प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक बनाया था। उस समय वह अपनी ऑफ स्पिन पर भी काम कर रहे थे। सीनियर लेवल पर उन्होंने सात बार 50 से अधिक

# काम्या साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

**काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके साउथ पोल तक लगभग 115 किमी. का सफर तय किया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया।

उन्होंने 27 दिसम्बर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं। उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भारतीय नौसेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना काम्या कार्तिकेयन, जो एक नौसेना अधिकारी की 18 वर्षीय बेटी और नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, को बधाई देती है, जिन्होंने साउथ पोल तक स्कीइंग करके सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है।

नौसेना ने आगे कहा कि काम्या माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के कठोर मौसम और तूफानी हवाओं का सामना करते हुए, अपने पूरे एक्सपेडिशन के सामान से भरी स्लेज को खींचते हुए, लगभग 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किमी) पैदल चलकर 27 दिसम्बर को साउथ पोल पर पहुंचीं। बारहवीं कक्षा की छात्रा काम्या, प्रतिष्ठित एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ना और नॉर्थ और साउथ पोल दोनों जगह स्कीइंग करना शामिल है। इससे पहले, उन्होंने सेवन समिट्स चैलेंज पूरा किया था और नेपाल की तरफ से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनीं।

उनकी पर्वतारोहण उपलब्धियों में माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट एल्ब्रस (यूरोप), माउंट कोसियस्को (ऑस्ट्रेलिया), माउंट एकोनकागुआ (दक्षिण अमेरिका), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट एवरेस्ट (एशिया), और माउंट विंसन (अंटार्कटिका) पर चढ़ाई शामिल है। काम्या 24 दिसम्बर को अपने पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचीं, ताकि साउथ पोल स्की अभियान शुरू करने से पहले सेवन समिट्स चैलेंज पूरा कर सकें। उनकी असाधारण यात्रा की सराहना करते हुए भारतीय नौसेना ने कहा कि उनकी उपलब्धि निश्चित रूप से उनकी पीढ़ी के कई लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें नॉर्थ पोल तक स्कीइंग के अंतिम पड़ाव के लिए 'स्वच्छ हवा और साफ आसमान' की शुभकामनाएं।

# क्रिकइंफो टीम ऑफ द ईयर में बावुमा, स्टार्क, कोहली व रॉड्रिग्स

- **2025 की पुरुष टीम में ट्रैविस हेड, केएल राहुल, बावुमा (कप्तान) शुभमन गिल, रूट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर और मोहम्मद सिराज शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्या किसी फॉर्मेट में महज चार मैच खेलकर भी साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाई जा सकती है? अगर उन्हीं चार मैचों में आपने अपने देश को उसका पहला विश्व खिताब दिलाया हो। साथ ही अगर उसी दौरान एक ऐतिहासिक और लगभग अभूतपूर्व क्लीन स्वीप भी हुआ हो। और यह सब आपकी कप्तानी में, आपके निर्णायक योगदान के साथ हुआ हो। तो फिर इस पर क्यों ही सवाल उठे। टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो की 2025 की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कप्तानी करेंगे। वहीं उनकी महिला समकक्ष लॉरा वुलफार्ट महिला वनडे टीम की कप्तान चुनी गई हैं। इस टीम में भारत की विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ी भी शामिल हैं।

2025 की पुरुष टेस्ट टीम: ट्रैविस हेड, केएल राहुल, टेम्बा बावुमा (कप्तान), शुभमन गिल, जो रूट, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, मार्को यानसन, मिचेल स्टार्क, साइमन हार्मर, मोहम्मद सिराज, बावुमा के चार मैचों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और कोलकाता में भारत के खिलाफ खेला गया टेस्ट शामिल था। दोनों मैचों की दूसरी पारी के उनके अर्द्धशतक अहम थे। इन मौकों पर दबाव के बीच आए उनके रन टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। बावुमा की तरह साइमन हार्मर ने भी साल में सिर्फ चार टेस्ट खेले, लेकिन 30 विकेट लेकर उनमें से तीन मैचों में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की जीत की पटकथा लिखी। मार्को यानसन का असर गुवाहाटी में भारत के खिलाफ सीरीज जिताने वाले टेस्ट में साफ दिखा, जहां उन्होंने 93 रन बनाए और 48 रन देकर छह विकेट लिए। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीम गेंदबाज ऑलराउंडर की जगह मिली। इस तरह टीम में दक्षिण अफ्रीका के तीन खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन कुल नतीजों के बावजूद सबसे जड़ा प्रतिनिधित्व भारत का है। शुभमन गिल 2025 में टेस्ट क्रिकेट के सबसे जड़ा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे, जबकि केएल राहुल और रवींद्र जडेजा भी आंकड़ों की सूची में ऊपर रहे। मोहम्मद सिराज की रफ्तार और निरंतर प्रभाव ने उन्हें विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों में से एक स्थान दिलाया। सिराज के साथ में, दबाजी आक्रमण की अगुवाई उस इकलौते खिलाड़ी ने की, जिसने 2025 में उनसे जड़ा विकेट लिए। मिचेल स्टार्क हमारे स्टाफ के बीच एकमात्र सर्वसम्मत चयन रहे। वह साल में 50 से जड़ा टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज भी थे। ट्रैविस हेड और एलेक्स केरी एशेज में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल हुए। हेड को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी दी गई है। जो रूट बल्लेबाजी क्रम को पूरा करते हैं। यह हमारी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में उनकी लगातार पांचवीं मौजूदगी है।

2025 की महिला वनडे टीम: स्मृति मंधाना, लॉरा वुलफार्ट (कप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, मरिजान काप, एश्ले गार्डनर, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादीन डी क्लार्क, फातिमा सना, अलाना किंग, सोफी एक्लेस्टन

इस कैलेंडर वर्ष का सबसे बड़ा आयोजन महिला वनडे विश्व कप रहा। हमारी चुनी गई इलेवन में शामिल सात खिलाड़ी फाइनल खेलने वाली भारत और दक्षिण अफ्रीका से हैं।

2025 में वनडे क्रिकेट में सबसे जड़ा रन बनाने वाली दो बल्लेबाज स्मृति मंधाना और वुलफार्ट ओपनिंग करेंगी। दोनों के नाम 1100 से जड़ा रन रहे। 976 रन बनाने वाली प्रतीका रावल को जगह न मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मंधाना के साथ बल्लेबाजी क्रम में विश्व कप विजेता टीम की जेमिमा रॉड्रिग्स और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने वाली ऋचा घोष शामिल हैं। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वह विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं और साल की सबसे जड़ा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी थीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मरिजान काप और नादिन डी क्लर्क इस इलेवन में अन्य दो खिलाड़ी हैं। दोनों ने विश्व कप में भी और पूरे साल बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया।

एश्ले गार्डनर मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती हैं। उन्होंने 2025 में दस पारियों में 530 रन बनाए। इनमें विश्व कप में लगाए गए दो शानदार शतक भी शामिल हैं। अलाना किंग ग में शामिल दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। गार्डनर, किंग और दीप्ति के साथ स्पिन आक्रमण की धार सोफी एक्लस्टन बढ़ाएंगी।

फातिमा सना इस दशक में हमारी किसी भी महिला टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाने वाली पहली पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गई हैं।

2025 की पुरुष वनडे टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, विराट कोहली, जो रूट, शाई होप (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर, मैट हेनरी, जेडन सील्स

रोहित शर्मा और विराट को हली हमारी 2025 की पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित को कप्तान चुना गया है।

# राशिद खान करेंगे टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि राशिद खान आगामी टी-20 विश्व कप में 15 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करेंगे। चयनकर्ताओं ने कंधे की चोट से उबर चुके नवीन-उल-हक को राष्ट्रीय टीम में जगह दी है वहीं गुलबदीन नायब भी आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में लौट आए हैं। नवीन ने आखिरी टी-20 मैच दिसम्बर 2024 में खेला था। जिम्बाब्वे सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का हिस्सा रहे शराफुद्दीन अशरफ, फरीद अहमद मलिक, बशीर अहमद और एजाज अहमद अहमदजई को टीम से बाहर कर दिया गया। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान को ग्रुप डी में रखा गया है, जिसमें उनके अलावा न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा भी हैं। उनका अभियान आठ फरवरी को चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा। विश्व कप से पहले यह 15 खिलाड़ियों की टीम 19 जनवरी से यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान टीम: राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, अब्दुल्ला अहमदजई, सेदिकुल्लाह अटल, फजलहक फारूकी, रहमानुल्लाह गुरबाज, नवीन उल हक, मोहम्मद इशाक,

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 1 जनवरी 2026

# अब चीन का दावा

गत मई में भारत-पाक के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष के दावों में अब चीन का नाम भी जुड़ गया है। बीजिंग में आयोजित कार्यक्रम में चीन विदेश मंत्री वांग यी ने यह दावा करते हुए कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है और उसी कोशिश के चलते ही उसने भारत-पाक के बीच तनाव के दौरान ही मध्यस्थता की थी। इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यह दावा करते रहे हैं कि उनकी टैरिफ की धमकी के चलते ही भारत-पाक युद्ध रोकने पर सहमत हुए थे। जहां तक बात भारत की है, अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह चीनी विदेश मंत्री के इस दावे को भी खारिज कर दिया है। भारत ने साफ कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। भारत के मुताबिक भारी नुकसान होने के बाद पाक के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। पाक के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिल्ट्री ऑपरेशन्स ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद ही दोनों देशों में दस मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई। नवंबर में जारी अमे. रिकी रिपोर्ट में भी यह आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि सोशल मीडिया पर चीन ने फर्जी अकाउंट के जरिये एआई से बनाई झूठी तस्वीरें फैलाई, जिनका मकसद भारत द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की छवि को नुकसान पहुंचाना और चीन के अपने जे 35 विमान को बढ़ावा देना था। समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति हों या चीनी विदेश मंत्री इस तरह के दावे कर क्या साबित करना चाहते हैं। वह भी बार-बार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को तो ठीक से याद भी नहीं होगा कि वह कितनी बार अपने देश के बाहर भी जहां भी अवसर मिलता है वह यह दावा करने से भी नहीं चूकते। अब चीन भी शांति का दूत बनकर सामने आने का प्रयास कर रहा है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिए भी यह भी एक बड़ा सबक है कि आखिर उसके साथ इस तरह की हरकतें क्यों की जा रही हैं। वह भी तब जब भारत स्पष्ट रूप से साफ कह चुका है कि किसी ने भी भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाने में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर के चलते जबरदस्त सफलता मिली और उसने पाक के 11 एयरबेसों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर हमसे चूक हुई है और हम अपनी बात को विश्व स्तर पर सही तरीके से नहीं रख पाए हैं, जिससे अमेरिका व चीन जैसे देशों को भारत के मामलों में बोलने का अवसर मिल गया है और वह बोल भी रहे हैं। अब यह कूटनीति की विफलता ही कहा जाएगा कि भारत पाक के बीच संघर्ष विराम की खबर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के माध्यम से ही आई थी।

## मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था, सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत हैं और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, ट्रम्प पहले ही बार- बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर भारत-पाक के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है, इस पर श्री मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार



निर्मल रानी



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गत 9 दिसंबर को कुछ स्थानीय युवकों द्वारा अगरतला त्रिपुरा के निवासी 24 वर्षीय एंजेल चकमा नामक एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। हमले के बाद 17 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत रहने के बाद गत 26 दिसम्बर को आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। चकमा, देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। खबरों के अनुसार देहरादून में एंजेल चकमा की मौत एक कथित नस्लीय हमले के कारण हुई। बताया जाता है कि 9 दिसम्बर को जब एंजेल और उनके 21 वर्षीय छोटे भाई माइकल चकमा पास के सेलाकुई इलाके में किराने का सामान खरीदने गए थे उसी समय उनके चेहरों को देखकर हमलावरों ने उन्हें नस्ली गालियां दीं। बताया जाता है कि घटनास्थल पर करीब छह लोगों का एक समूह, जो पास में ही पहले से किसी के जन्मदिन का जश्न मना रहा था, ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर नस्ली टिप्पणियां करते हुए उनपर चिंकी, चीनी और मोमो जैसी टिप्पणी की। जबकि एक आरोपी ने कहा कि ओए चीनी, क्या मांस खरीदने आए हो? माइकल ने इसका विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें ब्रेसलेट से सिर पर मारा। एंजेल ने अपने भाई की रक्षा करने की कोशिश की और शांतिपूर्वक कहा, हम चीनी नहीं हैं। हम भारतीय हैं। क्या प्रमाण-पत्र दिखाएं कि हम भारतीय हैं, लेकिन नफरती संस्कारों में डूबे गुंडों के इस समूह ने हिंसक रूप से उन पर हमला कर दिया। यज्ञ अवस्थी नामक मुख्य आरोपी ने एंजेल की गर्दन और पीठ पर तेज हथियार से वार किया, जिससे वे गिर पड़े। माइकल भी घायल हुए, लेकिन उन्होंने एंजेल को पास के अस्पताल पहुंचाया। एंजेल की हालत गंभीर थी। उनकी गर्दन और स्पाइन में गहरी चोटें थीं। आखिरकार वे कभी पूर्ण चेतना में वापस नहीं आए और नफरत के सौदागरों ने एक होनहार भारतीय छात्र की हत्या कर उसके परिवार को अंधकार में धकेल दिया। निश्चित रूप से इस घटना ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों के खिलाफ उपजी नस्लवाद की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। इस घटना को लेकर त्रिपुरा सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

हालांकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास को लेकर तरह तरह की बातें करते रहते हैं, परन्तु हकीकत यही है कि गत कुछ वर्षों में इसी देव भूमि में सत्ता संरक्षित धर्म जाति आधारित नफरती घटनाओं में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड के पुरोला कस्बे में एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण के बाद श्लव जिहादश का आरोप लगाकर हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़काए गए। मुस्लिम मकानों व दुकानों पर लक्षित हमले किए गए, कई परिवार शहर छोड़कर भागने को मजबूर हुए। इसी तरह हल्द्वानी में 2024 की बनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मस्जिद के विध्वंस पर पथराव, आगजनी और पेट्रोल बम फेंके जाने की घटना सबसे प्रमुख रही, जहां 6 लोगों की मौतें हुईं। 2025 में भी कश्मीरपुर और हल्द्वानी में साम्प्रदायिक तनाव देखा गया। राज्य में दलितों के विरुद्ध भी अनेक घटनाएं होती रहती हैं। परन्तु समाज में धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर बढ़ती नफरतों के बीच इस राज्य को श्देव् भूमिश के रूप में भी प्रचारित किया जाता है।

सवाल यह है कि उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य सहित देश के अन्य विभिन्न राज्यों में इस तरह के नफरत व हिंसा पैदा करने वाले हालात क्या अचानक पैदा हुए हैं या सत्ता के संरक्षण में इन नफरती संस्कारों को पोषित किया जा रहा है? उत्तराखंड की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दिए गए बयान से यह काफी कुछ स्पष्ट हो जाता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि श्पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ ऐसी घटनाएं अलग-थलग नहीं हैं और समाज को भेदभाव रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। हमें मिलकर भेदभाव को रोकना होगा। भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी में कहा कि हम प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर अनदेखी करे। हमें यह सोचने और सामना करने की जरूरत है कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं ? अफसोस की बात तो यह कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उत्तराखंड की घटना के बाद व्यक्त किए गए विचार उस समय सामने आए जब उनके अपने पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरती लोगों द्वारा हत्या कर दी गई ? जबकि लगभग एक दशक से देश में जगह जगह अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़े वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जाता रहा है। लिंचिंग की घटनाएं घटित हो रही हैं। जगह जगह उन्मादी भीड़ पुलिस की शह पर वर्ग विशेष के लोगों को निशाना बनाती रही है। जगह-जगह उकसाऊ भाषण हो रहे हैं। कहीं हथियार बांटे जा रहे हैं। तो कहीं संवैधानिक पदों पर बैठे लोग स्वयं अपने जहरीले बोलों से समाज में हिंसा व नफरत बढ़ा रहे हैं। नि:संदेह गोदी मीडिया भी इस नफरती

**भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर -जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए।**

वातावरण को और भी जहरीला बना रहा है। ऐसे में रिजिजू की चिंताओं के अनुसार भारत के किसी भी हिस्से के लोगों का स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करना कहां संभव हो पा रहा है? इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि आखिर देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनुष्य की गतिविधियां जीवों पर संकट

शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महा. सागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है।

मानवीय गतिविधियां समस्त जीव-जंतुओं के लिए संकट उत्पन्न कर रही हैं। समुद्री जीवों के शिकार व इंसानों द्वारा फैलाए गए प्रदूषण के कारण समुद्र के तापमानन में भी वृद्धि हुई है। नतीजतन समुद्री जीवों की कई प्रजातियां समाप्ति की ओर बढ़ रही हैं। वर्ष 2019 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग वातावरण में शार्क की एक प्रजाति की वृद्धि और उनकी शारीरिक स्थिति की तुलना करके पाया था कि बड़े आकार की रीफ शार्क के शिशुओं का विकास कम हो रहा है। शार्क अपने वातावरण में हो रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही हैं। नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में छपे एक शोध से पता चला है कि समुद्री तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण शार्क के बच्चे समय से पहले ही जन्म ले रहे हैं, साथ ही उनमें पोषण की कमी भी देखी गई है। इस कारण से उनका जिंदा रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है एवं वे दुबले-पतले बौने रह जाते हैं।

वर्ष 2013 में डलहौजी यूनिवर्सिटी द्वारा किए एक शोध के अनुसार हर साल करीब 10 करोड़ शार्क को मार दिया जाता है। अनुमान है कि यह दुनिया भर में शार्क का करीब 7.9 फीसदी है। वर्ष 2016 में भारत को सबसे अधिक शार्क का शिकार करने वाला देश घोषित किया गया था। शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है। दरअसल शार्क शिशुओं को प्रजनन करने लायक होने में सालों लग जाते हैं। अपने जीवन काल में यह कुछ ही बच्चों को जन्म दे पाते हैं। ऐसे में अत्यधिक मात्रा में इन्हें पकड़े जाने से स्वाभाविक रूप से इनकी आबादी में गिरावट आ रही है। शार्क की विशेष पहचान उसके हमलवार स्वभाव के कारण है, जो समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यदि यह शिकारी न हों तो इनके बिना पूरा पारिस्थितिकी तंत्र ही ध्वस्त हो सकता है। बावजूद इसके हमारा ध्यान इनकी सुरक्षा और संरक्षण पर नहीं है। इनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है। इनके प्रबंधन के लिए आम लोगों को सहयोग करना होगा ताकि समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सके।



**साभार**
**स्रोत फीचर्स**

# सफलता के लिए शिक्षा ही जरूरी



शिक्षा की जटिलता और शिक्षा के परिप्रेक्ष्य को सही ढंग से न समझ पाने की वजह से शिक्षा व्यवस्था बेहाल हो गई है। इसकी तस्वीर बदलने के दावे जिस तरह बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे, वह शायद केवल विद्यालय में बच्चों के दाखिले, भवनों के रंग-रोगन, मध्यान्ह भोजन आदि तक सिमट कर रह गए हैं। एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है।

आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का विस्तार तो लगातार होता रहा है, लेकिन शिक्षा के स्तर में अपेक्षित उपलब्धि को लेकर चिंता जाहिर की जाती रही है। दो वर्ष पूर्व सबके लिए शिक्षा विषय पर यूनेस्को ने 12वीं वैश्विक निगरानी रिपोर्ट जारी की गई थी, उसमें शिक्षा की जो तस्वीर उभरती है, वह बताती है कि देश में शिक्षा के प्रति सरकारों का रवैया कितना लाप. रवाही भरा है। इन सभी रिपोर्टों ने विद्यार्थियों के सीखने की गति को लेकर गहन चिंताजनक तथ्य दिए। वंचित तबकों के 90 फीसदी बच्चे अगर चार साल की स्कूली पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बावजूद लगभग निरक्षर हैं, तो हम किस आधार पर अपनी शिक्षा व्यवस्था को संतोषजनक कह सकते हैं और कैसे अपेक्षित उपलब्धि को पा सकते हैं? यह विचारणीय है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरकारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है और देश के तमाम इलाकों में इसमें कामयाबी भी दर्ज हुई, लेकिन सिर्फ दाखिलों में इजाफा शैक्षिक तस्वीर में सुधार का मानक नहीं हो सकता है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में सीखने के स्तर को लेकर पिछले कुछ दशकों में जो अध्ययन हुए हैं, उन सबके निष्कर्ष यही बताते हैं कि सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था एक तरह से नाम की चल रही है, वहां गुणवत्ता के मानकों की शायद कोई जगह नहीं है। इस स्थिति के लिए कई बार बच्चों की पृष्ठभूमि और उनके परिवार की भूमिका को भी जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि स्कूल में दाखिला लिए किसी भी बच्चे के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लगभग सभी पहलू आमतौर पर शिक्षक की क्षमता पर निर्भर होते हैं। कुछ समय पहले आरटीई फोरम नामक एक संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि स्कूलों में पेशेवर दक्षता वाले अध्यापकों की निहायत कमी है।

करीब डेढ़ साल पहले पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कराई गई राष्ट्रीय शिक्षक दक्षता जांच में भी यह चिंताजनक तथ्य सामने आया था कि उसमें शामिल हुए 93वें फीसद शिक्षक फेल हो गए। जाहिर है, एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है। आजादी के छह दशक से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद देश में शिक्षा के अधिकार को कानूनी दर्जा मिला। लेकिन इस पर ईमानदारी से अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति किसी भी सरकार में नहीं दिखती।

सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरक. ारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है।

यूनेस्को द्वारा जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पर्याप्त और प्रशिक्षित शिक्षकों के अभाव के चलते सीखने का यह संकट अगली कई पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाता रहेगा और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव वंचित तबकों के लोगों पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर उप-सहारा अफ्रीकी देशों की स्थिति को देखा जा सकता है, जहां गरीब घरों के पांच में से सिर्फ एक बच्चा प्राथमिक शिक्षा पूरी कर पाता है। युवा आबादी का एक चौथाई हिस्सा एक वाक्य भी ठीक से नहीं पढ़ पाता। तो क्या हमारे देश के नीति-नियंताओं को भविष्य के संकट का अंदाजा नहीं है? क्या केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने या शिक्षा का अधिकार कानून बना देने या नई शिक्षा नीति को बनाए जाने की पैरवी करने से समानता आधारित शिक्षित समाज का सपना पूरा किया जा सकेगा? वहीं दूसरी ओर, परीक्षाओं को पुन: लागू किए जाने को लेकर राज्यों से आवाजें उठने लगी है। परीक्षाएं न होने से शिक्षा का स्तर गिर रहा है, जैसी बातें शिक्षक बिरादरी से लेकर प्रशासनिक हलकों में उठ रही है।

नतीजन तैयार की जा रही नई शिक्षा नीति में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। अब पांचवीं कक्षा तक परीक्षाएं नहीं ली जाएंगी, छठवीं से लेकर पूर्ववत परीक्षाएं होंगी जिससे स्कूलों में परीक्षाएं शुरू करने से शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, लेकिन प्रश्न यह है कि देश में पिछले साठ वर्षों से परीक्षा प्रणाली की प्रक्रिया संचालित होती रही है, तब क्या शिक्षा का स्तर बेहतर माना जाता था? शिक्षा के स्तर का परीक्षाओं से क्या लेना देना? जबसे भारत भर में परीक्षा प्रणाली लागू हुई है, हर साल अधिक. ांश परीक्षार्थी असफल ही होते चले आ रहे हैं। जब भी इस शोचनीय तथ्य का जिक्र होता है तब कतिपय घिसे-पिटे मुद्दों को दोहरा दिया जाता है, जैसे बच्चे पढ़ते नहीं है, शिक्षक अपने दायित्व को प्रामाणिकतापूर्वक निभाते नहीं है, शालाओं में समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं आदि। ऐसा नहीं है कि ये मुद्दे गलत है। पर वे आंशिक सत्य ही है।


बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल
की ओर से आप
सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
मकर संक्रान्ति
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनायें
कैंसर रोग विभाग
डॉ० राजेन्द्र कुमार
कैंसर विशेषज्ञ
Director- Radiation Oncology
मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली
(मूल निवासी- गाँव तुगाना,
थाना -छपरौली, (बागपत)
अब आपके शहर बड़ौत में
प्रत्येक शनिवार
प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक
दिल्ली के कैंसर स्पेशलिस्ट


बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल
120 बिस्तर युक्त मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
जनपद-बागपत का NABH द्वारा मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल
कोताना रोड, बड़ौत (बागपत)
की ओर से
आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
मकर संक्रान्ति
गणतंत्र दिवस
हार्दिक
शुभकामनायें
डॉ० मनीष तोमर (डायरेक्टर)
M.B.B.S., MS
वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ० गीताजंली तोमर
M.B.B.S, DGO, DCH
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञा


भगवान परशुराम के चरणों में समर्पित
आप सभी देश-प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वरिष्ठ समाजसेवी
ब्राह्मण गौरव उपाधि से सम्मानित
पंडित राधेश्याम शर्मा एडवोकेट
नगर निवासी पट्टी मेहर, बड़ौत जनपद बागपत


2026


राष्ट्रीय लोकदल परिवार की ओर से
राष्ट्रीय लोकदल परिवार
की ओर सभी देश वासियों को
नव वर्ष की
हार्दिक
शुभ
कामनाऐं
राजेन्द्र शर्मा
राष्ट्रीय महासचिव


मकसूद खाँ
प्रधान जी
बुन्दू खाँ
(मरहूम)
नसीम बुन्दू खाँ
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
आप सभी ग्रामवासियों को
नववर्ष
2026
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मौ. शाहिद बुन्दू खाँ
प्रधान पद प्रत्याशी, कोताना, खेड़ी, मंगतपुर


आप सभी देश-प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
चौधरी रामहरि
पंवार
शहर अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी बड़ौत
जनपद बागपत।


मनोज यादव
कांग्रेस प्रदेश महासचिव
एवं प्रदेश अध्यक्ष
पिछड़ा प्रकोष्ठ विभाग
आप सभी देश-
प्रदेशवासियों को
नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति
गणतंत्र दिवस की
सतीश सैन हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदेश महामंत्री
उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी,
निवास स्थान छपरौली, जनपद बागपत।


विश्व हिन्दू महासंघ, भारत (शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ)
अमर शहीद यतेंद्र खोखर बदरखा अमर रहे
आप सभी देश-प्रदेशवासियों
को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शौकेन्द्र खोखर बदरखा
छपरौली क्षेत्र बागपत,
डायरेक्टर तेजस्वी बिल्डर्स मेरठ एवं
राष्ट्रीय महामंत्री विश्व हिंदू महासंघ भारत


आप सभी देश-प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो.डॉ.वीरेन्द्र
प्रताप सिंह
प्राचार्य
योगेंद्र सिंह सोलंकी
महामंत्री
प्रबंध समिति जनता वैदिक कॉलिज बड़ौत
जनपद बागपत।
विरेन्द्रपाल सिंह लोहड्डा
अध्यक्ष
प्रबंध समिति जनता वैदिक कॉलिज बड़ौत
जनपद बागपत


आप सभी देश-प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
उर्मिला सिंह
जिलाध्यक्ष
जिला महिला कांग्रेस कमेटी
जनपद बागपत।


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
अर्जुन तोमर
अभय बालियान
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
चौ. बाबूराम
पूर्वप्रधान, मलकपुर
सुधा तोमर पत्नी विक्की मलकपुर
जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, सलोद (बागपत)
अनुज तोमर
वार्ड नं० 10 से जिला पंचायत बागपत पद की भावी प्रत्याशी


आप सभी देश-प्रदेशवासियों
को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पंडित श्रद्धानंद शर्मा
जिलाध्यक्ष
ब्राह्मण कल्याण सेवा समिति
जनपद बागपत, उ.प्र.


श्री शिव गुरुकुल स्वधालय केंद्र
संस्कृत विद्यालय परिवार की तरफ से
आप सभी देश-प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थापक
आचार्य पंडित संदीप दत्त शास्त्री
मलकपुर मार्ग
छपरौली रोड़ बड़ौत जनपद बागपत।


आप सभी देश-प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026
एवं मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
स्वराज पाल दुहूण
परिक्षेत्र प्रभारी
मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र
निवासी आवास विकास कॉलोनी, बड़ौत, बागपत